

करना है मुझे कुछ अपने देशन के लिए 4


Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शनिवार, 25.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 273 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## देशभर में अमूल दूध 1 रुपए सस्ता

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** अमूल दूध के दाम 1 रुपए प्रति लीटर घटा दिए गए हैं। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतें घटाई गई हैं। नई कीमतें आज यानी 24 जनवरी से ही लागू होंगी। कीमतों में बदलाव के बाद अमूल गोल्ड एक लीटर पैकेट की कीमत अब 65 रुपए और फ्रेश मिल्क का एक लीटर का पैकेट 53 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और टी-स्पेशल के दामों में कटौती की गई है। कंपनी ने पिछले साल हुए आम चुनाव के बाद कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी थी। आम चुनाव के नतीजों से पहले बढ़ाए थे दाम पिछले साल लोकसभा चुनाव नतीजे 4 जून को आए थे। इससे 3 दिन पहले ही अमूल दूध की कीमत में बढ़ोतरी की गई थी, जिसमें अमूल गोल्ड दूध में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं अमूल शक्ति और टी स्पेशल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई। जीसीएमएमएफ ने कहा था कि प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ी पिछले साल दाम बढ़ाए जाने पर जीसीएमएमएफ ने कहा था कि कंपनी के ऑपरेशन और प्रोडक्शन की कॉस्ट बढ़ने की वजह से कीमतें भी बढ़ाई गई हैं। हालांकि, यह बढ़ोतरी ओवरऑल एमआरपी की 3-4 प्रतिशत ही है, जो की खाद्य महंगाई की दरों से काफी कम है।





# सीएम भजनलाल ने जिला परिषदों के पुर्नगठन का किया अनुमोदन

## » सीएम भजनलाल ने पेश किया कार्रवाई के प्रस्ताव का अनुमोदन

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई जिला परिषदों के गठन एवं प्रभावित जिला परिषदों के पुनर्गठन से संबंधित कार्रवाई के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत संबंधित जिलों (8 नए जिले एवं 12 प्रभावित जिले) के जिला कलक्टर पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन एवं पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। साथ ही, इससे प्रभावित पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के नवसृजन एवं पुनर्गठन के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे। जिला कलक्टरों की ओर से इन प्रस्तावों को सार्वजनिक कर 1 माह में आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। इनके निस्तारण के बाद प्रस्तावों को राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा। इन प्रस्तावों के परीक्षण और अनुमोदन के बाद नवगठित/पुनर्गठित जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी। पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले एवं 3 नवीन संभाग बनाने का निर्णय किया था, लेकिन नवसृजित जिलों में नई जिला परिषदों का गठन नहीं किया। हाल ही में राज्य सरकार ने जिलों का पुनर्निर्धारण किया है। पुनर्निर्धारण के बाद यथावत रखे गए 8 नए जिलों में राज्य सरकार ने नई जिला परिषदों के गठन का निर्णय लिया है ताकि आमजन को इन जिलों के गठन का वास्तविक लाभ मिल सके। 8 नए जिलों फलौदी, बालोतरा, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन और सलूम्बर में जिला परिषदों का गठन होगा। पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों का भी पुनर्गठन किया जाएगा।



## दो साल बाद फ्री गेंहू के लिए जुड़वा सकेंगे नाम

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राशन की दुकान से मिलने वाले फ्री गेहूं के लिए पात्र परिवार या व्यक्ति (बीपीएल, एपीएल) 26 जनवरी से आवेदन कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना का पोर्टल खोलने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत पात्र परिवार या व्यक्ति ई-मित्र के जरिए नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले साल 2022 में गहलोत सरकार ने नाम जोड़ने के लिए पोर्टल खोला था। पिछले महीने हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने पोर्टल खोलने का निर्णय किया था। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गुरुवार रात आदेश जारी किए हैं। हाल ही में सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना के लिए आने वालों आवेदनों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। इसमें ग्रामीण स्तर पर पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी और शहरी स्तर पर निकाय के कर्मचारी व बूथ लेवल अधिकारी को शामिल किया है।

## गणतंत्र दिवस के बाद हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

● वसुंधरा गुट के विधायकों को मिल सकता है मौका



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में गणतंत्र दिवस के बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, गणतंत्र दिवस के बाद कभी भी सीएम भजनलाल अपनी कैबिनेट का विस्तार कर सकते हैं। इसमें लगभग आधा दर्जन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। बता दें, इस विस्तार में कुछ नए चेहरों को मंत्री पद मिलने की संभावना है, वहीं, कुछ पुराने नेताओं के बाहर होने की भी संभावना है। बताया जा रहा है कि इस बार के कैबिनेट विस्तार में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के गुट के नेताओं को भी मौका दिए जाने की संभावना है। सीएम भजनलाल ने हाल ही में वसुंधरा राजे से उनके सिविल लाइन स्थित आवास पर मुलाकात की, जिसके बाद से अटकलें और तेज हो गई हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और कई केन्द्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक, भजनलाल मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले संभावित नामों में कालीचरण सराफ और श्रीचंद कृपलानी जैसे अनुभवी नेताओं के नाम सबसे ऊपर हैं। इसके अलावा रेवंतराम डांगा, भेराराम सियोल, शैलेश दिगंबर सिंह, राजेंद्र गुर्जर, संदीप शर्मा, लालाराम बैरवा और जितेंद्र गोठवाल को भी मंत्री पद मिलने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल फेरबदल के साथ ही डिप्टी सीएम भी बदलने की चर्चाएं जोरों पर हैं। इस पद के लिए अनिता भदेल, डॉ. मंजू बाघमार, जोगेश्वर गर्ग और जितेंद्र गोठवाल में से किसी एक का नाम सामने आ सकता है।

## अजमेर-दरगाह विवाद से जुड़े वकील को धमकी

● कोर्ट ने अगली तारीख दी

जनमार्ग न्यूज


**अजमेर।** अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे की याचिका खारिज करने की मांग वाली एप्लिकेशन पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस बीच मामले से जुड़े एक वकील को गोली मारने की धमकी मिली। कोर्ट के बाहर मिले एक व्यक्ति ने खुद को मीडिया वाला बताया और सुनवाई के दौरान कोर्ट में आने पर गोली मारने की बात कही। उधर,शिव मंदिर होने के दावे की याचिका खारिज करने की मांग वाली एप्लिकेशन पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। याचिका में दरगाह कमेटी ने कहा था कि वादी की ओर से लगाई गई याचिका को खारिज किया जाए। यह सुनवाई योग्य नहीं है। इस पर कोर्ट ने विष्णु गुप्ता से जवाब मांगा तो उन्होंने जवाब पेश किया गया। इस जवाब पर दरगाह कमेटी ने समय मांगा।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

● ओवैसी सहित 10 विपक्षी सांसद सस्पेंड

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) दिल्ली में बैठक जारी। शुक्रवार सुबह 11 बजे बैठक शुरू होने के बाद हंगामा होने लगा। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। समिति आज कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुन रही है। मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों में बहस हो गई। बहस और हंगामे के चलते बैठक कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। बनर्जी ने कहा कि समिति की कार्यवाही एक तमाशा बन गई है। इसके बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस सदस्य नसीर हुसैन उठकर बाहर चले गए। समिति ने 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है। लखनऊ में हुई बैठक करने के बाद अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि 24 जनवरी को जेपीसी की आखिरी बैठक होगी। इसके बाद वे 31 जनवरी को होने वाले बजट सत्र के दौरान संसद में रिपोर्ट पेश होगी। पाल ने कहा कि पिछले 6 महीने में हमने अकेले दिल्ली में 34 बैठकें की हैं। जेपीसी सभी चर्चाएं अच्छे माहौल में हुई हैं। मुझे उम्मीद है हमारी रिपोर्ट से लोगों को फायदा होगा। विपक्ष की ओर से लोकसभा में डीएमके के मुख्य सचेतक ए राजा ने 24 और 25 जनवरी की बैठक स्थगित करने की मांग की है।



## भारत-पाक सीमा पर हिरण शिकार

● मृत अवस्था में हिरण मिलने के बाद क्षेत्र में आक्रोश

● शिकारियों को ढूंढ रहा है वन विभाग

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर हिरण शिकार का मामला सामने आया है। सुबह गुलुवाली वन्य क्षेत्र में हुए शिकार के बाद वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश है और शिकारियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। उधर, मृत हिरण का वेटरनरी डॉक्टर पोस्टमार्टम कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह गुलूवाली वन्य क्षेत्र में हिरण शिकार हुआ। इस दौरान हिरण के शरीर पर कई वार किए गए। शिकार की सूचना मिलते ही वन्य जीव प्रेमी मौके पर पहुंच गए। वन विभाग के एसीएफ सूर्यप्रताप सिंह, रेंजर रविंद्र सिंह, भेरवेंद्र सिंह आदि मौके पर पहुंचे। मृत हिरण का पशु चिकित्सालय में गठित बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। शिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जता रहे हैं। वन अधिकारी शिकारियों को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ जगह दबिश भी दी जा रही है लेकिन अब तक कोई पकड़ में नहीं आया।



## दो युवकों से 10.75 लाख के नकली नोट बरामद

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ की जंक्शन सिटी पुलिस ने नकली नोटों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 10 लाख 75 हजार रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपी भोले भाले लोगों को नोट दोगुना करने का झांसा देकर असली नोटों के बदले नकली नोट देकर फरार हो जाते थे। पुलिस फिलहाल दोनों आरोपियों का रिमांड मंजूर करवा कर पूछताछ में जुटी हुई है। एसीपी अरशद अली ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि हनुमानगढ़ में एक ठगी का गिरोह सक्रिय है, जो लोगों को नोट दुगना करने का झांसा देकर ठगी करता है। इस सूचना पर एसपी ने जिला विशेष टीम के माध्यम से गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश दिए।

## बैंक खातों से 52 करोड़ की हेराफेरी



जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** देशभर में होने वाली साइबर ठगी में 51 करोड़ रुपए का लेनदेन बीकानेर के माध्यम से हुआ। ये सनसनीखेज खुलासा बीकानेर पुलिस ने शुक्रवार को किया है। देश के अनेक राज्यों में होने वाली ठगी के रुपए बीकानेर के बैंक खातों में ट्रांसफर किए जा रहे थे और यहां से ठग रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कर रहे थे। दरअसल, गरीब और अनपढ़ लोगों के बैंक खाते खोलकर इनमें ठगी के रुपयों का ट्रांजेक्शन करने का खेल पिछले कुछ समय से चल रहा था। अब इस मामले में बीकानेर पुलिस ने छह युवकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी बीकानेर के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि साइबर ठगी गिरोह के सदस्यों ने अलग-अलग राज्यों में बैठे ठगों के निर्देश पर बीकानेर में बैंक खाते खुलवाए। गरीब व भोले भाले लोगों को बैंक में ले जाकर सेविंग अकाउंट खुलवाते हैं। इतना ही नहीं फर्जी फर्म के नाम से रजिस्ट्रेशन कर करंट अकाउंट खुलवाते हैं। खाता धारक को जो एटीएम, पासबुक व अन्य सामान मिलता है, उसे उस गरीब को देने के बजाय अपने पास रख लेते हैं।

## ममता कुलकर्णी महाकुंभ में महामंडलेश्वर बनीं

जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रयागराज में संगम तट पर पिंडदान किया। अब वह यामाई ममता नंद गिरि कहलाएंगी। उनका सिर्फ पट्टाभिषेक रह गया है। 53 साल की ममता सुबह ही महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा पहुंची थीं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद किन्नर अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी देने का ऐलान किया।



## डीटीडीसी कॉरियर से आई नशीली गोलियों की खेप पकड़ी

● स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पकड़ी 28 हजार गोलियां

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नशे के खिलाफ लामबंद राज्य सरकार की मंशाअनुरूप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे के तौर पर बेचान की जा रही करीब 28 हजार गोलियां पकड़ी। इन गोलियों पर जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की ओर से जिले में बेचने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला और डीआई गौरीशंकर ने ये दवाएं जब्त कर सदर थाना पुलिस के सुपुर्द की है, अब आगामी कार्रवाई पुलिस करेगी। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि उन्हें मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि जिले के एक कुरियर पर नशे के तौर पर उपयोग में होने वाली प्रिगाबालिन दवा पहुंची है जो घड़साना सप्लाई होगी। इसके बाद टीम गठित कर यूआईटी मार्ग पर स्थित डीटीडीसी कुरियर पर पहुंचे और सर्च करने पर सूचना की पुष्टि हुई। यहां दो कार्टून में 28 हजार गोलियां बरामद की गई। सामने आया कि यह गोलियां अंबाला से पहुंची और घड़साना सप्लाई की जानी थी। विभाग ने गोलियां जब्त कर पुलिस को सुपुर्द किया है। अब आगामी कार्रवाई पुलिस की ओर से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की ओर से जिले में प्रिगाबालिन दवा के बेचान पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। क्योंकि इसका मुख्यत नशे के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां भी लगातार की जा रही है।



## सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका

जनमार्ग न्यूज

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, 7 गंभीर घायल हैं। भंडारा कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से फैक्ट्री की छत गिर गई, जिसमें 13 से 14 लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी (लॉन्ग टर्म प्लानिंग) सेक्शन में हुआ।


अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें। E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

# सम्पादकीय

## आम आदमी की उड़ान

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों के कारण से किराए में इजाफे का पक्ष छोड़ दिया जाए, तो हवाई सफर के किराए में अन्य वजहों से बढ़ोतरी के कारक छिपे नहीं रहे हैं। जैसे ही ट्रेन या अन्य परिवहन माध्यमों पर लोगों की भीड़ का दबाव बढ़ने लगता है, विमान यात्रा का किराया भी उसी मुताबिक आसमान छूने लगता है। कुछ समय पहले देश के भीतर अपने गंतव्य तक जाने के लिए विमान से सफर को वैसे कुछ लोगों ने भी एक विकल्प के रूप में चुनना शुरू कर दिया था, जो लंबी दूरी की यात्रा आमतौर पर रेलगाड़ियों और बसों से करते थे। समृद्ध तबकों के अलावा अगर आम लोगों को भी विमान ने आकर्षित करना शुरू कर दिया था, तो इसकी मुख्य वजह यह थी कि विमान सेवा में प्रतिद्वंद्विता बढ़ने या फिर अन्य कारणों से किराए की दरें कम होने के बाद उस तक एक बड़े तबके की पहुंच संभव हो पा रही थी। इसी संदर्भ में कुछ वर्ष पहले प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि मैं हवाई चप्पल पहनने वाले लोगों को भी हवाई जहाज से सफर करते देखना चाहता हूं। विमान यात्रा के किराए अपनी सीमा में होने की वजह से कुछ लोगों ने हवाई जहाज से सफर किया भी। मगर कुछ समय तक किराए की वजह से यात्रा के लिए अपनी ओर आकर्षित करने वाली विमान सेवा अब तेजी से बेहद महंगी और बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही है। गौरतलब है कि संसद की लोक लेखा समिति यानी पीएसी की बैठक में बुधवार को आसमान छू रहे विमान किराए के अलावा सरकारी एजंसियों और विनियामक की ओर से बहुत कम कार्रवाई पर चिंता जताई गई। इस दौरान कई सांसदों ने यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए निजी हवाई अड्डा संचालकों और विमानन कंपनियों से जिम्मेदारी तय करने की मांग की। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों के कारण से किराए में इजाफे का पक्ष छोड़ दिया जाए, तो हवाई सफर के किराए में अन्य वजहों से बढ़ोतरी के कारक छिपे नहीं रहे हैं। जैसे ही ट्रेन या अन्य परिवहन माध्यमों पर लोगों की भीड़ का दबाव बढ़ने लगता है, विमान यात्रा का किराया भी उसी मुताबिक आसमान छूने लगता है।

# वोटरों को लुभाने के लिए वादों की झड़ी

आम आदमी पार्टी की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने भी बड़े-बड़े वादों की झड़ियां लगा दी। इससे एक बात तो तय हो चुकी है किसी भी दल के पास कोई मजबूत एजेंडा नहीं है। दरअसल जिस तरह आम आदमी पार्टी ने अपनी राजनीति की शुरुआत दिल्ली वालों को फ्री चीजें देकर की थी और वह बीते दो बार के चुनाव में इस आधार पर कामयाब भी हुई लेकिन उन्होंने अपने फॉर्मेट को नहीं बदला और इस बार भी फ्री के सामान को बढ़ाकर परोसना शुरू कर दिया। उन्हें हर बार की तरह लग रहा है कि फिर से ऐसे ही बात बन जाएगी लेकिन समीकरणों के आधार पर राह इतनी आसान दिख नहीं रही। बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से जनता का मन कुंठित है।

आने वाली 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जिसको लेकर राजधानी में तीनों सक्रिय पार्टी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर रही है। आम आदमी पार्टी की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने भी बड़े-बड़े वादों की झड़ियां लगा दी। इससे एक बात तो तय हो चुकी है किसी भी दल के पास कोई मजबूत एजेंडा नहीं है। जहां एक ओर आम आदमी पार्टी ने फ्री शिक्षा, बीस हजार लीटर फ्री पानी, 60 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को फ्री का इलाज, पुजारियों और ग्रंथियों के लिए हर महीने 18000 रुपये, महिलाओं को हर महीने के 2100 रुपये व किराएदार को फ्री बिजली के अलावा तमाम बड़ी-बड़ी घोषणाएं की हैं, वहीं दूसरी ओर उस ही फॉर्मेट में कांग्रेस ने फ्री राशन कीट, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये, हर नागरिक को 25 लाख तक का फ्री इलाज, बेरोजगार युवाओं को हर माह 8500 रुपये, व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण देने के अलावा तमाम बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। वहीं तीसरी पार्टी, केंद्र की सत्ता में बैठी बीजेपी जो कई राज्यों में अपनी सरकार बना चुकी है, वह भी रेवड़ियां बाटने में पीछे नहीं हैं। बीजेपी की ओर से एलपीजी सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, गर्भवती महिलाओं को 21000 रुपये, दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करना, महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये, झुग्गियों में पांच रुपये में राशन व वरिष्ठों नागरिकों को 3000 रुपये तक की पेंशन देने के अलावा और भी कई बड़े वादे कर रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, हमें संकल्प से सिद्धि की ओर जाना है। ये भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉलिटिकल कल्चर को बदल दिया है। तीनों पार्टियों के चुनावी वादे बताने के लिए इसलिए जरूरी हैं कि चूंकि जिस तरह दिल्ली वालों को सामान की तरह योजनाओं को बेचा जा रहा है उससे एक बात तो तय है कि सेल बंपर है।

दरअसल जिस तरह आम आदमी पार्टी ने अपनी राजनीति की शुरुआत दिल्ली वालों को फ्री चीजों को देकर की थी और वह बीते दो बार के चुनाव में इस आधार पर कामयाब भी हुई लेकिन उन्होंने अपने फॉर्मेट को नहीं बदला और इस बार भी फ्री के सामान को बढ़ा कर परोसना शुरू कर दिया और उन्हें हर बार की तरह लग रहा है कि फिर से ऐसे ही बात बन जाएगी लेकिन समीकरणों के आधार पर राह इतनी आसान दिख नहीं रही। जैसा कि केजरीवाल समेत पार्टी के सभी चोटी के नेताओं को शराब घोटाले में जेल जाना पड़ा और बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से जनता का मन कुंठित है और लोगों ने यह मान लिया कि आम आदमी पार्टी भी अन्य पार्टियों की तरह राजनीति ही कर रही है, चूंकि केजरीवाल जब अपने पहले कालखंड में मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने कहा था कि हम राजनीति नहीं काम करने आए हैं। दरअसल शराब घोटाले से एक वर्ग बिल्कुल कटता दिखाई पड़ रहा है, चूंकि एक समय पर दिल्ली के हर इलाके में इतने सारे शराब के ठेके खुल गए थे जिससे जनता में अच्छी खासी नाराजगी है। वहीं



दूसरा बड़ा मुद्दा यह है कि आम आदमी पार्टी का जिस पार्टी यानि कांग्रेस की बुराइयां गिनवाते या उसका अंत करके उदय हुआ था उसके साथ ही गठबंधन करके वह जनता के सवाल के घेरे में खड़े हो चुके चूंकि अभी लोकसभा चुनाव को ज्यादा समय नहीं हुआ तो लोग उस बात को अभी भुले भी नहीं है।

यहां अब आम आदमी पार्टी के लिए चुनौती बड़ी है। जिस कांग्रेस ने शीला दीक्षित की सरकार में एक लंबे समय तक दिल्ली में राज किया, वह आज मात्र एक नई पार्टी की तरह अपनी पृष्ठभूमि तलाश रही है और दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीते तीन बार से एक भी सीट नहीं ला पाई। लेकिन दिल्ली को लेकर कांग्रेस पर कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। बीते लगभग दशक भर पहले जिस तरह बीजेपी ने देश के मानचित्र से कांग्रेस को गायब सा कर दिया था लेकिन बीते पांच वर्षों में कांग्रेस ने कुछ राज्यों में चुनाव जीतकर कमबैक किया है। उससे लगा था कि दिल्ली में कुछ चमत्कार होने की संभावना है लेकिन सच तो यह निकला कि कांग्रेस जिस तरह बाकी राज्यों में ऊर्जा से चुनाव लड़ी दिल्ली में वैसे पांच प्रतिशत भी नहीं दिखा, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस दिल्ली में चुनाव ही नहीं लड़ना चाहती थी अर्थात मात्र उपस्थिति दर्ज कराने के लिए ही चुनाव लड़ा जा रहा है। वैसे तो कई बातें हैं जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस चुनावी लड़ाई में कहीं नहीं दिख रही, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में एक महीने तक यात्रा निकाली लेकिन राहुल गांधी उसमें एक बार भी नहीं आए और उस समय ही एहसास हो चुका था कि मामला गड़बड़ है।

इसके अलावा दिल्ली चुनावों को लेकर न कोई प्रेस कांफ्रेंस करना या सोशल मीडिया पर कोई ब्यान न देना भी बहुत कुछ कह रहा था। इस मामले को लेकर विशेषज्ञों द्वारा यह माना जा रहा है कि दिल्ली चुनाव में आप व कांग्रेस ने अघोषित गठबंधन कर लिया, मतलब कांग्रेस केवल दिखाने के लिए ही चुनाव लड़ेगी। लेकिन अब दिल्ली वालों के सामने सवाल यही है कि वह किस ओर जाए। चूंकि चुनावी रेवड़ियां तो सभी बढ़-चढ़कर बांट रहे हैं लेकिन तथ्यात्मक बातें कोई भी नहीं कर रहा। निश्चित तौर पर चुनौतियां आम आदमी पार्टी के समक्ष है चूंकि किला उसको बचाना है। वहीं दिल्ली जीतना बीजेपी के लिए सम्मान की बात है। चूंकि वह बीते दशक भर में ऐसे राज्यों में चुनाव जीत चुकी, जहां कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

जैसा कि इस बार भी दिल्ली में सातों सांसद बीजेपी के हैं और आप व कांग्रेस का गठबंधन भी एक सीट तक नहीं जीत पाया था। यहां दिल्ली की जनता का मिजाज भी समझना बहुत मुश्किल है चूंकि बीते चुनावी अनुभव से यह स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली वालों को केन्द्र में बीजेपी ही चाहिए लेकिन विधानसभा में नहीं लेकिन इस बार कितना और कैसा चमत्कार करती है वह भी देखना होगा। खेल लहर का है या गुणवत्ता का, यह तो अब जनता का मिजाज बताएगा चूंकि हर दल अपनी शक्तियों का भरपूर प्रदर्शन कर रहा है। दिल्ली के चुनाव में रोमांच इसलिए भी बढ़ जाता है चूंकि यह देश की राजधानी है। लेकिन हाल ही में तमाम राजनीतिक दलों की स्थिति देखकर यह लगता है कि कोई अपने कामों को गिनवाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। सभी का रेवड़ियों पर ज्यादा जोर है लेकिन शायद उनको यह समझना होगा कि जनता ऐसे वादों से ऊपर आकर सोचने लगी है। हालांकि चुनाव में मात्र कुछ ही दिन बचे हैं और सभी पार्टियां मतदाताओं को बरगलाने में एड़ी-चोटी का जोर भी लगा रही हैं और अब देखना यह होगा कि किस्मत किस पार्टी की चमकेगी।

# डब्ल्यूएचओ ने खुद खोदी अपनी कब्र

विश्व स्वास्थ्य संगठन पर डोनाल्ड ट्रम्प की मार पड़ी है। ट्रम्प ने डब्ल्यूएचओ को अनाथ बना दिया, हाशिये पर खड़ा कर दिया, बेमौत मरने के लिए चौराहे पर छोड़ दिया। डोनाल्ड ट्रम्प के शब्द बहुत कड़े हैं और काफी मारक क्षमता वाले हैं। उन्होंने कहा कि मैं डब्ल्यूएचओ को सजा दे रहा हूं, उसके कर्मों का फल उसे मिलेगा और वह हाशिये पर खड़ा होकर बेमौत मरेगा। डब्ल्यूएचओ से अमेरिका अलग हो गया। अमेरिका के अलग होने से डब्ल्यूएचओ एक तरह से अपंग हो जाएगा, उसके कई कार्यक्रमों और योजनाओं पर विराम लग जाएगा। उसकी भूखमरी से उत्पन्न बीमारियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों की कटौती होगी और कमजोर भी होगा। चीन की तरफदारी कर और चीन के गुनाहों के प्रति आंख मूंद कर डब्ल्यूएचओ ने अपनी कब्र खोद खोदी है। गुनहगारों के प्रति सहानुभूति रखना या फिर उसके प्रति हमदर्दी रखना हमेशा आत्मघाती होता है और अपनी क्रब्र खोदने जैसा ही होता है। इस विश्व स्वास्थ्य संगठन की निर्भरता अमेरिका पर कुछ ज्यादा ही थी। डब्ल्यूएचओ का अठारह प्रतिशत से अधिक दानकर्ता अमेरिका ही था। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ को अमेरिका तकनीकी सहित अन्य सहयोग भी करता था। अमेरिका के इस निर्णय से उसके मित्र देश भी इसी तरह के प्रतिबंधित और आघात वाले कदम उठा सकते हैं और डब्ल्यूएचओ से अपना पींड छुड़ा सकते हैं। डब्ल्यूएचओ की अपनी कुछ कमजोरियां ऐसी हैं कि जिससे वह हाथी का सफेद दांत बन गया है। चीन और रूस जैसे बड़े देशों का मोहरा बन गया है, बीमारियों से लड़ने और बीमारियों के खिलाफ सशक्त अभियान चलाने में डब्ल्यूएचओ जरूर विफल रहा है। डब्ल्यूएचओ के अधिकारी दुनिया को सिर्फ बीमारियों के डर को दिखाने और उसके नाम पर मनोरंजन करने में ज्यादा सक्रिय रहते हैं। कोरोना काल इसका उदाहरण है। जब कोरोना ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुनियाभर में लाखों मौतें हुई तो फिर डब्ल्यूएचओ सिर्फ कागजी शेर ही दिखाई दिया। उसके पास कोरोना से लड़ने के लिए कोई योजना नहीं थी और न ही उसकी तैयारियां ऐसी थी कि जिससे गरीब देशों को कोरोना बीमारी से राहत मिलती। अपनी अर्थव्यवस्था को बलिदान कर दुनिया के देश इस कागजी शेर को क्यों गतिशील रखने के काम करें? विचारण के विषय यही हैं। ट्रम्प की डब्ल्यूएचओ से दुश्मनी कोरोना काल की है। ट्रम्प की चार साल पूर्व हुई हार के पीछे डब्ल्यूएचओ को माना गया है। कोरोना संकट के दौरान ही अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हुआ था और जनता के बीच कोरोना को लेकर गुस्सा था और उस गुस्से के शिकार डोनाल्ड ट्रम्प हुए थे। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि कोरोना चाइनिज वायरस है। चीन ने अमेरिका और यूरोप को तबाह करने के लिए कोरोना वायरस छोड़ा है। तथ्य भी यही था कि कोरोना बीमारी चीन से बाहर की दुनिया में गयी थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर कोरोना वायरस फैलाने के सरेआम आरोप लगाये थे। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को अपनी करतूत के कारण जिम्मेदारी लेनी चाहिए और दुनिया भर में जो संहार हुआ है, जो क्षति हुई है उसकी सजा चीन को मिलनी चाहिए। डोनाल्ड ट्रम्प ने डब्ल्यूएचओ से चीन की जिम्मेदारी तय करने के लिए कहा था। डब्ल्यूएचओ ने यह भी नहीं माना था कि कोरोना बीमारी का वायरस चीन की करतूत है। जबकि चीन से नहीं तो यह बीमारी कहां से आयी थी? यह तय करने और या फिर खोज करने में डब्ल्यूएचओ विफल रहा था। एक प्रश्न यह भी उठा था कि डब्ल्यूएचओ के पास इतना संसाधन होने और इतनी स्वास्थ्य शक्तियां होने के बावजूद वह असहाय क्यों रहा? जबकि इस संगठन के पास हजारों स्वास्थ्य बैज्ञानिक और कर्मचारी है, जिनका प्रथम कार्य ही बीमारियों के बारे में संपूर्ण जानकारी जुटाना और रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाना था। डब्ल्यूएचओ की स्वतंत्रता और निष्पक्षता जरूरी है। डब्ल्यूएचओ ने अपने बयान में खुद यह माना है कि अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए विशेष स्थान रखता है। चीन की तरफदारी कर, चीन के प्रति आंख मूंद कर डब्ल्यूएचओ ने अपनी कब्र खुद खोदी है। चीन के लिए मानवाधिकार और मानवता कोई अर्थ नहीं रखता है। चीन एक तानाशाही वाला देश है और उसकी नीतियां लूटो और राज करो वाली है। चीन के फेर में पड़कर कई अफ्रीकी देश, श्रीलंका और पाकिस्तान भी कंगाल हो गये। अमेरिका की तरह चीन कभी भी डब्ल्यूएचओ की सहायता नहीं करेगा। फिर डब्ल्यूएचओ के एचआईवी, मलेरिया और तपेदिक जैसी दर्जनों बीमारियों के खिलाफ चलने वाले अभियान कैसे चलेंगे, यह सोचने वाला विषय है?

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गई शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

# इंटरडिपेंडेंस से बनते बेहतर रिश्ते

**हमारे** जीवन में हर रिश्ते की खास अहमियत होती है। खासकर बात अगर रोमांटिक रिश्ते की हो तो हर कोई अपने पार्टनर के साथ बेहतर रिश्ता चाहता है। यही बात हमें अपने पार्टनर के साथ गहरे संबंध बनाने में मदद करती है। जब आप अपने रिश्ते को लेकर कल्पना करते हैं तो सोचते हैं कि पार्टनर हमेशा आपके साथ खड़ा रहे, आपकी हर बात का समर्थन करे। वहीं कुछ लोग पार्टनर की अनुमति के बिना कोई कदम नहीं उठाते हैं। उनकी इच्छा के विपरीत कोई काम नहीं करते हैं, भले ही पार्टनर गलत क्यों न हो। यही को-डेपेंडेंसी की आदत आपकी पर्सनालिटी को नुकसान पहुंचाने के साथ आपके रिश्ते को भी नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि रिश्ता कैसा होना चाहिए? रिश्ते में सबसे जरूरी बात है इंटरडिपेंडेंट होना। इंटरडिपेंडेंट रिलेशन यानी ऐसा रिश्ता, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे की मदद के लिए तैयार रहते हों। हालांकि, दोनों ही इसमें एक-दूसरे की सीमाओं का ख्याल रखते हैं। इंटरडिपेंडेंट रिलेशन का मतलब ऐसा रिश्ता, जहां दोनों पार्टनर इमोशनल कनेक्शन की अहमियत समझते हैं। दोनों एक-दूसरे का सपोर्ट करते हैं, सम्मान करते हैं और साथ ही अपनी पर्सनल आइडेंटिटी भी बनाए रखते हैं। ऐसे रिश्ते में कोई एक, दूसरे पर बोझ नहीं बनता है। साथ ही कोई किसी को कंट्रोल करने की कोशिश नहीं करता है और दोनों अपनी आजादी इंजॉय करते हैं। इंटरडिपेंडेंट और को-डिपेंडेंट रिलेशन अलग-अलग चीजें हैं। को-डिपेंडेंट व्यक्ति अपनी पहचान और खुशी के लिए दूसरों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर रहता है। उसे यह नहीं समझ आता है कि हर चीज के लिए पार्टनर पर निर्भर रहना उसके लिए कितना नुकसानदायक है। वह यह नहीं समझ पाता है कि उसकी आइडेंटिटी की सीमा क्या है और उसके पार्टनर की सीमा कहां शुरू होती है। वह सोचता है कि उसे पार्टनर की सारी जरूरतों को पूरा करना चाहिए या फिर वह दूसरे व्यक्ति की जिम्मेदारी को अपनी समझता है। इस तरह के रिश्ते में कोई एक व्यक्ति, दूसरे पर बहुत निर्भर होता है। को-डिपेंडेंट रिश्ते हेल्दी नहीं होते हैं क्योंकि इनमें पार्टनर्स को अपनी पहचान बनाने, आगे बढ़ने और स्वतंत्र रहने की जगह नहीं मिलती है। ऐसे रिश्तों में एक या दोनों पार्टनर अपनी पहचान, आत्मसम्मान और मानसिक स्थिति के लिए दूसरे पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। हर काम के लिए एक-दूसरे पर निर्भर रहने से रिश्ता खराब हो सकता है। जब रिश्ता ठीक नहीं चलता, तो दोनों या किसी एक में अपराधबोध की भावना भर सकती है। साथ ही एक-दूसरे से शर्मिंदगी महसूस कर सकते हैं। इस तरह के रिश्ते में आजादी और पर्सनल ग्रोथ की संभावना खत्म हो जाती है, जो रिश्ते को अनहेल्दी बना देती है। इंटरडिपेंडेंट होने का मतलब, रिलेशन में खुद की पहचान और दूसरे की पहचान के बीच संतुलन बनाए रखना है। इसमें दोनों पार्टनर एक-दूसरे की जरूरतों



को समझदारी से पूरा करने की कोशिश करते हैं। पार्टनर एक-दूसरे से जरूरत से ज्यादा उम्मीद नहीं रखते हैं और न ही वे अपनी पहचान के लिए अपने पार्टनर पर पूरी तरह निर्भर होते हैं। इंटरडिपेंडेंट रिलेशनशिप दोनों को अपनी पहचान बनाए रखने का मौका देती है, एक-दूसरे को पास आने का समय देती है। इससे दोनों बिना किसी दबाव के फैसले लेते हैं। इंटरडिपेंडेंट रिश्ते के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि शुरुआत से ही आपको अपनी आइडेंटिटी के बारे पता होना चाहिए। कई बार लोग अकेलेपन से बचने के लिए रिलेशनशिप में आते हैं और अपने पार्टनर पर इमोशनल बोझ बन जाते हैं। इससे उनके साथ पार्टनर की ग्रोथ थम जाती है। रिलेशन में आने से पहले वे यह नहीं सोचते हैं कि उनके लिए क्या जरूरी है और इस रिश्ते से वे क्या चाहते हैं। ऐसे में किसी भी रिश्ते में जाने से पहले सोचें और समझें कि इस रिश्ते से आप क्या चाहते हैं। साथ ही सामने वाले व्यक्ति को भी इस बारे में बताएं और उसकी भी उम्मीदों के बारे में पूछें। इससे हेल्दी और इंटरडिपेंडेंट रिलेशन बनाने मदद मिल सकती है। इस तरह से रिश्ता शुरू करने से दोनों पार्टनर्स को एक सुरक्षित माहौल मिलता है, जहां वे एक-दूसरे से बिना किसी दबाव के जुड़ सकते हैं और अपनी पहचान भी बनाए रख सकते हैं। इंटरडिपेंडेंट रिलेशन में लोग गिल्ट या दबाव नहीं महसूस करते हैं। वे अपने पार्टनर के साथ सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें अपने बारे में सोचने का समय मिलता है। साथ ही वे एक-दूसरे का ख्याल रखते हुए अपनी आजादी का आनंद भी उठाते हैं। डेटिंग करते समय इस पर ध्यान देने से आपका रिश्ता स्वस्थ और लंबे समय तक मजबूत बना रहता है। अगर आप पहले से किसी रिश्ते में हैं, तो आप पार्टनर के साथ बैठकर इस बारे में बात करें। यह सुनिश्चित करें कि आप दोनों इस बारे में एक जैसी सोच रखते हैं और आपका रिश्ता सही दिशा में बढ़ रहा है। अगर ऐसा नहीं हो रहा है, तो दोनों एक-दूसरे को समझते हुए इंटरडिपेंडेंट रिलेशनशिप की ओर कदम बढ़ा सकते हैं क्योंकि कुछ बेहतर करने के लिए कभी भी देर नहीं हुई होती है।

# राइजिंग राजस्थान माइंस निवेश प्रस्तावों का केटेगराइजेशन व माइल स्टोन तय

- अधिकारियों को दिए संबंधित से संपर्क, समन्वय व सहयोग के निर्देश टी. रविकान्त
- संबंधित एसएमई, एमई, एएमई की स्थानीय स्तर पर समन्वय व सहयोग की जिम्मेदारी तय

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के माइंस एवं पेट्रोलियम से संबंधित निवेश प्रस्तावों को वर्गीकृत करने के साथ ही क्रियान्वयन के माइल स्टोन तय कर दिए गए है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को एमओयू करने वाली संस्थाओं से सीधे संपर्क व समन्वय के निर्देश दिए गए हैं ताकि निवेशकों को मार्गदर्शन व सहयोग देते हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने की समयवद्ध प्रयास हो सके। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों को अमली जामा पहनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त गुरुवार को सचिवालय में माइंस व पेट्रोलियम विभाग से संबंधित निवेश प्रस्तावों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। राइजिंग राजस्थान के दौरान हस्ताक्षरित विभाग के निवेश प्रस्तावों को ए, बी और सी केटेगरी में वर्गीकृत करते हुए क्रियान्वयन की कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को ऐसी रणनीति तैयार करने को कहा गया है जिसमें ए



कैटेगरी के प्रस्तावों को पुश करने और बी केटेगरी प्रस्तावों पर विशेष जोर दिया जाएं ताकि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके। रविकान्त ने एमओयू प्रस्तावों की नियमित मोनेटरिंग पर जोर देते हुए जिला स्तरीय प्रस्तावों के लिए अधीक्षण खनि अभियंता, खनि अभियंता और सहायक खनि अभियंताओं से आज ही संयुक्त सचिव माइंस श्रीमती आशु चौधरी, नोडल अधिकारी महावीर प्रसाद मीणा और संजय सक्सैना को वर्चुअली बैठक कर विभागीय रणनीति से अवगत कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयासों के साथ ही प्रभावी मोनेटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। संयुक्त सचिव माइंस श्रीमती आशु चौधरी ने राज्य व जिला स्तर के एमओयू प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। विभागीय नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक महावीर प्रसाद मीणा और सह प्रभारी संजय सक्सैना ने हस्ताक्षरित निवेश प्रस्ताव, मुख्यमंत्री स्तर, मुख्य सचिव स्तर और प्रमुख सचिव माइंस स्तर पर मोनेटरिंग के प्रस्ताव और विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने पेट्रोलियम सेक्टर के निवेश प्रस्तावों की जानकारी दी। इस अवसर पर बैठक में ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सचिवालय सुनील कुमार वर्मा और पेट्रोलियम उपनिदेशक रोहित मल्लाह ने भी हिस्सा लिया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**4 एम एल।** ग्राम पंचायत 4 एम एल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को सुबह 10 बजे आयोजित होगा। प्रधानाचार्य विनय गुप्ता ने बताया कि इस वार्षिकोत्सव में जो विद्यार्थी पढ़ाई,खेल आदि में अव्वल है उन्हें सम्मान प्रतीक देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

# चावल, मैदा, सुजी व्यापार एसोसिएशन का गठन

### प्रदीप अग्रवाल अध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश (कुणाल) कोषाध्यक्ष व गिरधारी सिंगला सचिव बने

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** चावल, मैदा, सुजी व्यापारियों की एक मीटिंग का आयोजन निधि फूड मार्केटिंग पुरानी धानमण्डी में किया गया। मीटिंग में चावल, मैदा, सुजी व्यापार एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप अग्रवाल को अध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश (कुणाल) को कोषाध्यक्ष व गिरधारी सिंगला को सचिव मनोनीत किया गया। एसोसिएशन में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश सिंगला, मंगतराम ग्रोवर, नितिश लीला, गुरप्रीत सिंह, अर्जुन पटेल, केशव गर्ग, हितेश सिंगल, शिवम शर्मा, प्रियांशु गोयल, करन अरोड़ा व रामकिशन छाबड़ा को लिया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने सभी उपस्थित व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि उनकी कार्यकारिणी व्यापारी हितों के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेगी व व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास करेगी।







# राजस्थानी गांव बहलोलनगर में 'बालिका जाजरू' का उद्घाटन

### बालिका शिक्षा के साथ सुरक्षा व स्वच्छता के लिए ट्रस्ट कृत संकल्पित: प्रेम सहू

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** बहलोलनगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव पर बाळिका जाजरू का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। रूकमणी देवी सुखराम सहू चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम सहू, इंजि. हंसराज शर्मा, सरपंच गुरलालसिंह, डॉयरेक्टर घेरूराम गोदारा, समाजसेवी सुभाष गोयल, कालूराम वर्मा, भागीरथ स्वामी, जसवंतसिंह कस्वां, विनोद मूंड, सोहनपाल शर्मा सहित अनेक अतिथियों ने रिबन काटकर शौचालय का उद्घाटन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम सहू ने बताया कि बालिका शौचालय में सैनेटरी नैपकिन बांटने वाली और नैपकिन निस्तारण वाली आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। इस प्रकार के शौचालय में करीब 4-5 लाख रुपए लागत आती है। हमें बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है क्योंकि शौचालय आदि में साफ सफाई न होने से संक्रमण फैलता है जिससे सरवाईकल कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होती है। ट्रस्ट बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान देखकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। ट्रस्ट हनुमानगढ़ जिले में अब तक आधा दर्जन बालिका शौचालय बना चुकी है। इससे पहले विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

मायड़ भासा में 'बाळिका जाजरू' मतलब बालिका शौचालयः राजस्थानी में मंच संचालन करते हुए आपणो राजस्थान आपणी राजस्थानी के हरीश हैरी ने कहा कि बेटी बचाओ अभियान के साथ साथ मायड़ भाषा राजस्थानी को बचाने के लिए बहलोलनगर के ग्रामीणों ने राजस्थानी को व्यवहार की भाषा बनाकर सच्ची मान्यता दी है। इसी कड़ी में हरीश हैरी की प्रेरणा से बालिका शौचालय पर स्लोगन सहित सभी जानकारी राजस्थानी भाषा में लिखी गई। हरीश हैरी ने चेयरमैन प्रेम सहू और हंसराज शर्मा को मुंबई हाईकोर्ट के वकील श्री राजेन्द्र की इनकम टैक्स पर लिखी हुई राजस्थानी पोथी %आवकलाग और लागदेणार% भेंट की। प्रेम सहू ने राजस्थानी



भाषा की जागरूकता के लिए ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने राजस्थानी भाषा की जागरूकता के लिए हर संभव सहयोग देने का वादा किया। विद्यालय परिवार व अतिथियों द्वारा चेयरमैन प्रेम सहू और हंसराज शर्मा को शॉल उढ़ाकर, स्मृति चिह्न देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश गोदारा, मदनलाल मील, नेतराम गोदारा, आदराम लोहरा, नथूराम मलखट, बद्रीप्रसाद नैण, मनोहर गोदारा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपप्राचार्य गुरदीपसिंह ने बालिका शौचालय कए लिए ट्रस्ट, सफल कार्यक्रम हेतु अतिथियों व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन नंदलाल स्वामी ने किया।

# प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा प्रारंभ, छात्राओं की उत्साहजनक उपस्थिति

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** स्थानीय अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में प्री-यूनिर्सिटी परीक्षा आज प्रारंभ हो गयी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. दीपमाला गर्ग ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा सैमेस्टर प्रथम तथा तृतीय और स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षा फॉर्म इन दिनों भरवाये जा रहे है। आशा की जा रही है कि फरवरी माह के मध्य में सैमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हो जायेगी। इसी की तैयारी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पैटर्न के आधार पर अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में संपूर्ण पाठ्यक्रम का तीन घंटों का प्रश्न पत्र छात्राओं को देकर 11 से 02 बजे तक उनकी लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। सहायक परीक्षा नियत्रंक श्रीमती रोशनी देवी ने बताया कि इस परीक्षा से इस बात की पूर्ण जानकारी छात्राओं को हो जायेगी कि उन्हें सैमेस्टर परीक्षा में किस ढंग का प्रश्न पत्र मिलेगा और समय प्रबंधन का ध्यान रखते हुए किस प्रकार उत्तर देने है। ये परीक्षाएं 23 जनवरी से प्रारंभ हेकर आगामी एक फरवरी को सम्पन्न होगी। प्राचार्य डॉ. अरूण वत्स के अनुसार पहले दिन परीक्षा में छात्राओं की उपस्थिति उत्साहजनक रही है। निदेशक डॉ. ओ.पी. गुप्ता ने इस बात की सराहना की कि वर्तमान में संभवतः अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज एक मात्र ऐसा कॉलेज है जहां टर्मिनल टेस्ट के बाद प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा का भी आयोजन किया गया है।





# ब्यूटीपार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का समापन समारोहपूर्वक संपन्न

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हनुमानगढ़ के द्वारा आयोजित ब्यूटीपार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का समापन समारोह पूर्वक समपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के डायरेक्टर बिधु शंकर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर बिधु शंकर ने प्रशिक्षण की उपयोगिता के साथ रोजगार प्राप्त करने के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक कार्यो के साथ-साथ समाज सेवा का कार्य भी करना चाहिए। एसबीआई आरसेटी के माध्यम से ग्रामीणों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होने महिलाओं को व्यवसाय में कामयाब होने का गुरु मंत्र देते हुए कहा कि व्यवसाय को कामयाब करने के लिए छोटी छोटी बारीकियों पर कार्य करना आवश्यक है अगर आप बारिकियों का ध्यान रखते हुए और मधुर व्यवहार से ग्राहक को संतुष्ट करते है तो जो माउथ पब्लिसिटी आपका ग्राहक आपके लिये करेगा वो ही आपके व्यवसाय को कामयाब करने में सार्थक होगी।

# राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव, कर्तव्य का निष्ठा से निर्वहन का उत्तरदायित्व का बोध अंतर्निहित होना अति आवश्यक



जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की हनुमानगढ़ इकाई द्वारा, रावतसर महाविद्यालय रावतसर में आज कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ पूनम सोनी की अध्यक्षता में करवाया गया। आयोजन में मुख्य वक्ता डॉ. संजीव महर्षि एवं डॉ सुरेंद्र महर्षि ने स्वामी विवेकानंद का दृष्टांत देते हुए विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्र में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की बात हर कोई करता है परंतु राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन में हम उतने संपूर्ण नहीं है। विद्यार्थी ही भविष्य में जाकर के विभिन्न सेवा में चयनित होता है तो उसके मन में उसके अंतर्करण में राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव, कर्तव्य का निष्ठा से निर्वहन का उत्तरदायित्व का बोध अंतर्निहित होना अति आवश्यक है। इसी से ही राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित हो सकती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संगठन की हनुमानगढ़ इकाई के सचिव डॉ रोहिताश वशिष्ठ तथा राजकीय महाविद्यालय टिब्बी के प्राचार्य डॉ सुभाष सोनी उपस्थित रहे। डॉ वशिष्ठ ने संगठन की विचारधारा एवं पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कर्तव्य बौध दिवस का आयोजन करने हेतु महाविद्यालय के प्रबंधन, प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय महाविद्यालय में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,राजस्थान(उच्च शिक्षा)की स्थानीय इकाई द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. गोपीराम शर्मा थे। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बलवंत सिंह चौहान ने की। डॉ. गोपीराम शर्मा ने भागवत गीता का उल्लेख करते हुए श्रीकृष्ण अर्जुन संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को कर्तव्यों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कर्म की प्रधानता को महत्व देते हुए फल की चिंता नही करने की बात कहीं, लेकिन चिन्तन अवश्य करना चाहिए। डॉ. बलवंत सिंह चौहान ने स्वामी विवेकानंद एवम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व से कर्तव्य पालन की सिख लेने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र कड़वासरा जिला सचिव द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. मनीष सरीन, डॉ. रजत भोला, डॉ. भूपेन्द्र कुमार महेन्द्रा, श्री रोहित बिश्नोई, डॉ. पटेलराम सुथार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. संजीव बंसल तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती पर जर्सियां वितरित

### कुक-कम-हेल्पर्स को शॉल भेंट करने के साथ-साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए। समिति सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि अध्यक्ष अर्जुन वधवा के नेतृत्व में स. प्यारा सिंह गिल मेमोरियल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भरत नगर तथा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, लेबर कॉलोनी, श्रीगंगानगर में आयोजित कार्यक्रमों में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित करने के साथ-साथ कुक कम हेल्पर्स को शॉल भी भेंट किए गए। तत्पश्चात् तत्पश्चात् समिति पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा विद्यालय के कक्षा 5, 6 व 7 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष अर्जुन वधवा ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से असम्भव कार्य भी सम्भव हो जाता है। विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर व्यक्ति उच्च पद पर पहुंचकर विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन कर सकता है। सचिव हरपाल सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस महान क्रांतिकारी तथा सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उनका साहस, कार्यक्षमता, कार्यशैली तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए जोश व जुनून सदियों तक देशवासियों के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। शिक्षा कभी भी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती तथा सोना आग में तपकर ही कुंदन बनता है। इसी प्रकार संघर्ष ही व्यक्ति निखारते हैं तथा स्वर्णिम सफलता का पथ प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि समिति सदस्य स. संतोख सिंह गिल के पिताजी स. प्यारा सिंह गिल द्वारा भरत नगर स्थित राजकीय विद्यालय को भूमि दान की गई थी तथा उनके नाम से स. प्यारा सिंह गिल मेमोरियल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, भरत नगर, श्रीगंगानगर संचालित है।



कार्यक्रम के अंत में स. प्यारा सिंह गिल मेमोरियल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भरत नगर की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रजनी, पार्षद कौशिकजी तथा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, लेबर कॉलोनी, श्रीगंगानगर की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंजना ने विद्यार्थियों को जर्सियां एवं कुक-कम हेल्पर्स को शॉल वितरित करने तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने पर सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अर्जुन वधवा, हरपाल सिंह, संतोख सिंह गिल, अनिल शर्मा, रामेश्वर दयाल, डॉ. राजेंद्र सारडीवाल, मोहर सिंह सेखों, हीरालाल बंसल सहित सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति पदाधिकारी, सदस्य, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मिड डे मील वर्कर यूनियन का प्रदर्शन 6 को

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भगत सिंह यादगार केंद्र, लाल चौक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष कामरेड चंद्र कला वर्मा ने की। इस अवसर पर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड बाबूलाल लुगरिया, राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सुमित्रा चोपड़ा, मजदूर नेता कामरेड रामेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष कामरेड आत्मा सिंह, जिला महासचिव कामरेड शेर सिंह शाक्य और जिला कोषाध्यक्ष कामरेड बहादुर सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मिड डे मील वर्करों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने वर्करों के न्यूनतम वेतन, नियमितीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने की मांग पर जोर दिया।

# शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बेटियां सशक्त देश का आधार होती हैं




**बालिकाओं** (बेटियों) से संस्कृति एवं सभ्यता परिष्कृत होती है। शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बेटियाँ सशक्त देश का आधार होती हैं। बेटियों के सम्मान उनकी सुरक्षा, उनकी शिक्षा व सशक्तिकरण हेतु सभी भारतवासी सदैव प्रतिबद्ध हैं। लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। भारत देश में पहला राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी, 2008 को 'महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी। हमारे समाज में बेटा-बेटी में भेद किये जाने के कारण बालिकाओं को कई बार कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ता है तथा कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में तथा समाज में लिंग समानता लाने अर्थात बेटा-बेटी के भेद को मिटाने के लिए जागरूक किया जाता है। बालिकाओं के सुखद, समृद्ध जीवन के लिए सभी भारतवासी उन्हें शिक्षा देकर उनका वर्तमान संवारे जिससे उनका बेहतर भविष्य बन सके। हमारे समाज में आज भी रूढ़िवादिता के कारण महिलाएं पुत्र प्राप्ति की चाहत में लिंग परीक्षण करवाती हैं तथा बेटी होने की आशंका से भ्रूण गिरा देती है जिसे भ्रूण हत्या कहा जाता है। भारत सरकार द्वारा भ्रूण हत्या को अपराध माना गया है और इसके लिए सजा का भी प्रावधान है। गिरते बाल लिंग के अनुपात पर ध्यान देना आवश्यक है तथा इसके लिए सख्त कानून की क्रियान्विति जरूरी है तथा समाज में यह संदेश दिया जाना चाहिए कि ''बेटी है कुदरत का उपहार, जीने का उनको दो अधिकार।'' राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाये जाने पर हर वर्ष एक थीम निर्धारित की जाती है। वर्ष 2019 का राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम ''एक उज्ज्वल कल के लिए लड़कियों का सशक्तिकरण'' थी।

वर्ष 2020 की राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम ''मेरी आवाज हमारा समाज भविष्य'' थी। वर्ष 2021 का राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम ''डिजिटल पीढ़ी हमारी पीढ़ी'' थी। वर्ष 2023 का राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम ''रचनात्मकता का जश्न कल्पनाओं की शक्ति'' है। इसी प्रकार इस वर्ष 2025 के राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम 'सुनहरे भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण' है। अर्थात् बालिकाओं को सशक्त करना, जिससे उनका सुनहरा भविष्य बन सके। लड़कियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना, उन्हें पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाना तथा रोजगार देना आदि है, इससे बालिकाओं के जीवन स्तर में सुधार आयेगा। बालिकाओं के स्वास्थ्य, उनके पोषण के प्रति जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों द्वारा बालिकाओं के हित व उनके संरक्षण के लिए कई प्रकार की योजनाएं तथा कानून भी बनाए गए हैं तथा बालिकाओं को शिक्षा व तकनीकी आरक्षण दिया जा रहा है यही कारण है कि आज बालिकाएँ पढ़-लिखकर क्या इंजीनियर, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, राजनीति के उच्च पदों पर भारतवर्ष व विदेशों में भी अपनी पहचान बना रही है। बालिकाएँ पढ़-लिखकर सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्रों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भारत सरकार, राज्य सरकार व सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को नकद राशि व सम्मान प्रतीक द्वारा सम्मानित किया जाता है। आज के दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में भी याद किया जाता है। बालिका को शिक्षा व उचित वातावरण मिल सके तथा उनके आत्म सम्मान की रक्षा करना हम सब देशवासियों की नैतिक जिम्मेवारी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भ्रूण हत्या बन्द हो तथा बेटियों को उचित सम्मान मिले इस पर भी चिन्तन करना आवश्यक है। हम सभी देशवासी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को शिक्षा दिलाने व आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। तभी राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाना सार्थक होगा।

**मनीराम सेतिया**
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
109-एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर

# पुस्तैनी निर्मित भूखंड को अवैध अतिक्रमण बताने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जनमार्ग न्यूज**

**सूरतगढ़।** पुस्तैनी निर्मित भूखंड को अवैध अतिक्रमण बताकर झूठी शिकायत करके अधिकारियों को गुमराह करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पार्षद प्रतिनिधि किशन लाल बेनीवाल उर्फ किनिया, पूर्व पार्षद कामरेड मदन ओझा, क्रांतिकारी महावीर भोजक, इस्माइल खां, रहमत अली, मोहम्मद रफीक, राशिद खान, सलमान खान, अहमद अली, शकील खान, रफीक ने उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि वार्ड नंबर 40 में केनरा बैंक के पीछे पतली गली में पिछले 60 - 70 वर्षों से पीड़ित इस्माइल खां, रहमत अली परिवार ने लैट्रिन बाथरूम का निर्माण कर रखा है जिसका नियमित रूप से उपयोग परिवार के लोगों द्वारा किया जाता है इस संबंध में पड़ोसी हिमांशु मित्तल अधिकारियों को गुमराह करके झूठी शिकायत करके पीड़ित को परेशान करने के अलावा प्रशासन का समय बर्बाद कर रहा है। आदतन शिकायत करने वाले हिमांशु मित्तल के खिलाफ कार्रवाई करके उनके दस्तावेजों की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ में न्याय संगत कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।


जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें


# शहीद मेजर भूपेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि मनाई



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विश्वास की ओर से मेजर भूपेन्द्र सिंह चौक, पी ब्लॉक डिग्गी पर मेजर भूपेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि मनाई। सेना के अफसर मेजर नन्दा व सूबेदार सुरेन्द्र ने रीत मेजर भूपेन्द्र सिंह को अर्पित की। लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विश्वास के अध्यक्ष अमनप्रदीप सिंह काहलो व अन्य लॉयन मैम्बरों ने भी रीत मेजर भूपेन्द्र सिंह को अर्पित की। के फॉर किशोर ग्रुप के अध्यक्ष हरीश अरो?ा, विजय सिडाना, डॉ. सरिता उपनेजा ने देशभक्ति गीतों से श्रद्धांजलि अर्पित की। लॉयन्स क्लब के सदस्यों द्वारा मेजर भूपेन्द्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर आये हुए सभी अतिथियों को क्लब द्वारा जलपान करवाया गया। अध्यक्ष अमनप्रदीप सिंह काहलो ने मेजर भूपेन्द्र सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी पधारे हुए अतिथियों का आभार जताया।

इस अवसर पर लॉयन क्लब श्रीगंगानगर विश्वास के अध्यक्ष अमनप्रदीप सिंह काहलो 'निन्नी', डॉ. शैलेन्द्र साहू, कोमल गुप्ता, प्रवीण कौशल, कृष्ण चावला, राहुल गुप्ता, मोहन मिढ्ढा, हरीश अरोड़ा, लक्ष्मीनारायण सोनी, मनोज खुरसिजा, ललित नागपाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता, उपाध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष हरिओम लूथरा, सौरभ मीडिया से राजकुमार जैन, सुरेन्द्र टकियार, एनसीसी कैडेट, सेना के अफसर व अधिकारीगण एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# 'उमंग' 25 को

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** 3 ई छोटी, गली नं. 07 में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह 'उमंग-4' शनिवार 25 जनवरी को आयोजित किया जायेगा, जिसकी तैयारियां विद्यालय स्टाफ द्वारा की जा रही है। यह वार्षिकोत्सव राजकीय स्कूल प्रांगण में वार्षिकोत्सव समारोह 'उमंग-4' शनिवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर भामाशाहों व पूर्व छात्र परिषद का मान सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी व शाला स्टाफ व एसएमसी, एसडीएमसी सदस्यों द्वारा सुबह 10.15 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधायक जयदीप बिहाणी व कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच सुनीता सिगड होगी।

# पत्नी मायके गई पति ने फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या

**जनमार्ग न्यूज**



**सूरतगढ़।** अमरपुरा जाटान निवासी अरमान उम्र 29 वर्ष पुत्र निजामुद्दीन मिरासी निवासी वार्ड नंबर 5 ने बुधवार रात्रि को कमरे में चुन्नी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई दीपक मिरासी ने बताया अरमान घर में अलग कमरे में रहता था, मजदूरी करके घर चलाने वाले भाई की पत्नी मायके चली गई थी। रात को अपने कमरे को अंदर से बंद करके सो गया। गुरुवार को सुबह चाय पीने के लिए उठाया तो कमरा नहीं खोलने पर कमरे का दरवाजा तोड़ कर देखा तो भाई अरमान ने चुन्नी का फंदा बनाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली। आत्महत्या घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सरपंच मुखराम खिलेरी, सलीम मिरासी, ओम प्रकाश सुथार, राम सिंह, ओम प्रकाश ओड, पूर्णराम ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सदर थाना प्रभारी सीआई रामकुमार लेघा ने बताया अमरपुरा में आत्महत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुबह शव को मोर्चरी में रखवाया। भाई दीपक के मार्ग दर्ज करवाने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सौंपा।

# भारतीय स्टेट बैंक ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुरा मटोरिया को 5 लाख का अनुदान दिया



**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक, आरबीओ 5 (पश्चिम हनुमानगढ़) द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) गतिविधियों के तहत रामपुरा मटोरिया के राजकीय प्राथमिक विद्यालय को 05 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। इस राशि का उपयोग विद्यालय में सोलर पैनल, कम्प्यूटर की व्यवस्था और मरम्मत कार्यों के लिए किया गया है, इससे विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। आरबीओ 5 के सहायक महाप्रबंधक धर्मबीर, प्रबंधक अरुण कुमार, मनप्रीत कौर, अंकित डोडा और रामपुरा मटोरिया शाखा के प्रबंधक सुभाष चन्द्र द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता को इस अनुदान पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक छोटी सी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक अधिकारियों ने बच्चों और शिक्षकों से मुलाकात की। आरबीओ 5 के सहायक महाप्रबंधक धर्मबीर ने बच्चों से बातचीत करते हुए विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्हें अच्छे छात्र बनने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और अपने सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा ही सबसे अहम है।

# पाकिस्तान से हिंदुओं का खतरनाक पलायन! एचआरसीपी का दिल दहलाने वाला खुलासा

**जनमार्ग न्यूज**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। खतरनाक स्तर पर उनका पलायन हो रहा है। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने अपनी ताज़ा रिपोर्ट में सिंध से हिंदू समुदाय के खतरनाक पलायन पर गंभीर चिंता जताई है। हिंसा, भेदभाव, आर्थिक संघर्ष और जलवायु परिवर्तन जैसे कारणों ने इस कमजोर अल्पसंख्यक समुदाय को अपनी मातृभूमि छोड़ने पर मजबूर कर दिया है।

**फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट की अहम बातें:** फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट, पलायनः क्या हिंदू समुदाय सिंध छोड़ रहा है? में राज्य की अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफलता उजागर हुई है। रिपोर्ट बताती है कि कई हिंदू परिवार भारत और अन्य देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। सिंध से हिंदुओं का पलायन केवल एक सामाजिक संकट नहीं बल्कि राज्य की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यह रिपोर्ट पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर नई बहस को जन्म देती है। एचआरसीपी के अध्यक्ष असद इकबाल बट ने कहा कि सिंध में हिंदू समुदायों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के मामले अक्सर कम रिपोर्ट होते हैं। उन्होंने पलायन के कारण होने वाली सामाजिक और भावनात्मक लागत पर भी जोर दिया। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि उच्च जाति के हिंदू परिवारों को आपराधिक गिरोहों द्वारा निशाना बनाकर जबरन वसूली की जाती है। इसे प्रांत में बिगड़ती कानून व्यवस्था का हिस्सा बताया गया है।

**हिंदू महिलाओं पर विशेष खतरे:** रिपोर्ट हिंदू महिलाओं की कठिनाइयों को भी उजागर करता है। रिपोर्ट के अनुसार, हिंदू महिलाओं को अपहरण, रेप, जबरन धर्म परिवर्तन और कम उम्र में विवाह का सामना करना पड़ता है। लेकिन स्थानीय प्रशासन से लेकर देश की सत्ता तक इसे नजरअंदाज करती है। एचआरसीपी की रिपोर्ट में पलायन को रोकने के लिए कई सिफारिशें की गई हैं: सिंध से हिंदुओं के पलायन पर विश्वसनीय डेटा एकत्र करना। अत्यधिक खतरा या हिंसा वाले क्षेत्रों में स्पेशल पुलिस या कानूनी अधिकारियों की तैनाती की जाए। जबरन धर्म परिवर्तन और बाल विवाह के खिलाफ कानून को मजबूत बनाना।

**भारत में हिंदू प्रवासियों की चिंताएं:** रिपोर्ट के निष्कर्ष भारत में बसे पाकिस्तानी हिंदू प्रवासियों की चिंताओं को भी उजागर करते हैं। ये प्रवासी अपनी मातृभूमि में इसी तरह की चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। एचआरसीपी ने पत्रकार सोहेल सांगी के सुझावों का भी उल्लेख किया। सांगी ने सिंध और संघीय सरकारों से अपील की कि वे तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने पुलिस बलों में हिंदू समुदाय का बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और स्थानीय हिंदू समुदायों के साथ नियमित बातचीत के माध्यम से सुरक्षित वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



# पटवार संघ की हड़ताल का 10वां दिन, बढ़ सकती है उग्रता

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** राजस्थान पटवार संघ का 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना गुरूवार को 10वें दिन भी जारी रहा। पटवार संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया, तहसील अध्यक्ष अनिल सहू और कानूनगों संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान ज्याणी के नेतृत्व में पटवारी और कानूनगो कर्मचारियों ने कलैक्ट्रैट के समक्ष नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ ने अपनी मांगों के प्रति दृढ़ता दिखाते हुए कहा कि यह सभी मांगें कर्मचारियों और आम जनता के हित में हैं। पटवारियों का कहना है कि उनकी मांगें न्यायपूर्ण हैं और यदि सरकार इन मांगों पर जल्द ध्यान नहीं देती तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे। पटवार संघ ने अपनी मांगों में वेतन में वृद्धि, कार्य करने की परिस्थितियों में सुधार, नियमितीकरण और अन्य कई सेवाओं से जुड़ी मांगें शामिल की हैं। वहीं, दूसरी ओर, पटवारियों और कानूनगों की हड़ताल के कारण आम जनजीवन पर भी असर पड़ा है। नागरिकों को विभिन्न सरकारी कार्यों, जैसे कि वसीयत (इंतकाल) आदि से जुड़े मामलों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सनसिटी इन्क्लेव वासी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विधायक से मिले



**हनुमानगढ़।** टाउन स्थित सनसिटी इन्क्लेव (रिचवुड विलाज) कॉलोनी के निवासियों ने गुरुवार को विधायक गणेश राज बंसल को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। विधायक महोदय ने आयुक्त व प्रशासक को कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कॉलोनाइजर के रहनशुदा भूखंडो को विक्रय करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनाइजर ने मकान विक्रय के समय बिजली, पानी, सड़क और सीवरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का वादा किया था, जो अब तक पूरी नहीं हुई हैं। कॉलोनाइजर ने सरकार के बजट से पेयजल के लिए पानी की टंकी और ट्यूबवेल का निर्माण करवाया, लेकिन मानकों के अनुरूप बोरिंग न होने के कारण पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा पाई जा रही है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके अलावा, पानी आपूर्ति के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन भी नहीं लिया गया है, जिससे नियमित पानी आपूर्ति बाधित हो रही है। निवासियों ने बताया कि कॉलोनाइजर ने श्रम विभाग की राशि जमा होने का दावा किया था, लेकिन अब श्रम विभाग से बकाया राशि जमा करने के नोटिस मिल रहे हैं। सीवरेज और नालियों की समुचित व्यवस्था न होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कॉलोनी की चारदीवारी टूटी होने के कारण चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। कॉलोनी में सड़क और नालियों का निर्माण भी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। निवासियों ने पहले भी प्रशासन को ज्ञापन देकर नगर पालिका के अधिपत्य वाले भूखंडों को बेचकर कॉलोनी के अधूरे कार्य पूरे करवाने की मांग की थी। लोक अदालत में इस मामले पर निर्णय दिया गया था कि कॉलोनाइजर को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए,

# सत्संग व भन्डारे को आयोजन

**हनुमानगढ़।** टाउन के वार्ड 45,मिथिला कलोनी में स्थित कबीर कुटिया में गुरूवार को सतगुरु साहिब बच्चा बाबू यादव के निधन पर सत्संग व भन्डारे को आयोजन उनके शिष्यों ने भजन, कीर्तन और सत्संग का आयोजन कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में शिष्य और अनुयायी उपस्थित हुए।सत्संग सभा में उपस्थित लोगों ने गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम व्यक्त करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। श्यामदास ने बताया कि सतगुरु बच्चा बाबू यादव बिहार के समस्तीपुर जिले के चकवा गांव के निवासी थे। उन्होंने अपनी तपस्या और सेवाभाव के कारण समाज में विशेष पहचान बनाई थी। वे लंबे समय से हनुमानगढ़ टाउन की मिथिला कॉलोनी में स्थित अपने आश्रम में निवास कर रहे थे।

# सेठ रामदयाल राठी राउमावि के स्टाफ व बच्चों ने न्यायालय परीसर का भ्रमण किया

**जनमार्ग न्यूज**



**सूरतगढ़।** सेठ रामदयाल राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरतगढ़ के विद्यार्थीगण एवं अध्यापकगण ने न्यायालय परीसर सूरतगढ़ का भ्रमण किया गया। न्यायालय भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक करना रखा गया। तालुका विधिक सेवा समिति सूरतगढ़ अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी ने बच्चों को नशे के विरूद्ध बहुत सी बातों के बारे में बताया व बच्चों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बच्चों को बताया कि वर्तमान में तालुका क्षेत्र सूरतगढ़ में बच्चों से लेकर बुजुर्गों में नशे की प्रवृत्ति काफी बढ़ गयी है, जिस कारण समाज पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है, समाज को इससे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे समाज का विकास भी अवरूद्ध हो गया है और साथ ही बच्चों को नशे से दूर रहने व इसके उपयोग से बचने के लिए भी सचेत किया। भ्रमण के दौरान बार संघ न्यायिक सूरतगढ़ के अध्यक्ष राकेश झोरड़ एवं पूर्व अध्यक्ष अनिल भार्गव ने बच्चों को न्यायालय का भ्रमण करवाया एवं बच्चों को न्यायालय की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी देते हुए बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे मे बताया। भ्रमण के दौरान विद्यालय के अध्यापक चन्द्रप्रकाश झोरड़, दलीप सैन, मनीषा भादू, पीएलवी राजेश कुमार पारीक एवं अधिवक्ता रविकांत शर्मा, सहदेव जोशी, सुशील बिश्नोई एवं अन्य अधिवक्तागण सम्मिलित हुए।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर समारोह और रक्तदान शिविर का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ।** स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर समारोह और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेलवे स्टेशन के सामने नेताजी सुभाष चंद्र चौक पर सुभाष स्मारक समिति आयोजित समारोह में विधायक डूंगर राम गेदर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता बलराम वर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, समिति अध्यक्ष डॉ टी एल अरोड़ा, सचिव राजेश चड्ढा, ई. रमेश माथुर, क्रांतिकारी महावीर भोजक, समाजसेवी लाजपत राय भाटिया, सिटीजन चेंबर अध्यक्ष चिरंजी लाल चौधरी, कांग्रेस युवा नेता योगेश मेघवाल सहित समाजसेवी संगठनों के लोगों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके क्रांतिकारी नारों के साथ जय घोष कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए देश की रक्षा सुरक्षा के लिए सजग रहने का आह्वान किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर सिटीजन चैंबर के सहयोग से मैत्री ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, सिटीजन चेंबर के अध्यक्ष चिरंजीलाल चौधरी, समाजसेवी लाजपत राय भाटिया ने रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। कांग्रेस युवा नेता योगेश मेघवाल ने रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया। मैत्री ब्लड बैंक के डॉक्टर सुनील योगी, टेक्नीशियन बिजेंद्र बिश्नोई की टीम ने 11 यूनिट रक्त संग्रह किया। सुभाष स्मारक समिति के अध्यक्ष डॉक्टर टी एल अरोड़ा, सचिव राजेश चड्ढा ने अतिथियों का सम्मान किया।

# सगाई की खुशियां मातम में बदलीं, खौलते तेल में गिरने से 2 साल के मासूम की मौत

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल में एक दर्दनाक हादसे में 2 साल का एक बच्चा उबलते तेल की कड़ाही में गिरकर मर गया। यह हादसा भोपाल के निशातपुरा में पिछले सोमवार को एक सगाई समारोह के दौरान हुआ। दो साल का बच्चा चूल्हे से उतारी गई उबलते तेल की कड़ाही में गिर गया और उसकी मौत हो गई। बच्चे को तुरंत कड़ाही से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, बताया जा रहा है कि बुरी तरह झुलसने की वजह से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। रात 11 बजे जब परिवार वहां खाना बनाने की तैयारी कर रहा था, तब यह हादसा हुआ। निशातपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पोस्टमार्टम के बाद बच्चे का शव परिवार को सौंप दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जांच अधिकारी



एएसआई सुखबीर यादव ने बताया कि मृतक अक्षांश के पिता राजेश साहू छोला के शिव नगर कॉलोनी के निवासी हैं और एक व्यापारी हैं। राजेश के भतीजे की सगाई 20 जनवरी को निशातपुरा के एक मैरिज गार्डन में हुई थी। जब दोनों परिवार खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे, तभी अक्षांश रसोई वाले हिस्से में चला गया। रसोई में, रसोइयों ने अभी-अभी चूल्हे से उबलते तेल की एक बड़ी कड़ाही उतारकर ज़मीन पर रखी थी। इसी दौरान अक्षांश पास में रखे एक प्लेटफार्म पर चढ़ गया। लेकिन, प्लेटफार्म पर तेल गिरने की वजह से वह जगह फिसलन भरी थी। रसोई में क्या हो रहा है, यह देखने के चक्कर में उसका पैर फिसल गया और वह उबलते तेल की कड़ाही में गिर गया। रसोई में मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला। परिवार अक्षांश को एक निजी अस्पताल ले गया, फिर उसे चुनाभट्टी के दूसरे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि वहाँ पहुँचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

# अनाज मंडी मजदूर यूनियन सीटू की बैठक का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जनशक्ति भवन हनुमानगढ़ टाउन में अनाज मंडी मजदूर यूनियन सीटू की बैठक का आयोजन गुरूवार को किया गया। बैठक में गोलूवाला, पीलीबंगा, डबली, संगरिया, टिब्बी, तलवाढ़ा,नोहर हनुमानगढ़ टाउन ओर हनुमानगढ़ जंक्शन की तमाम कमेटियो ने भाग लिया। बैठक में अनाज मंडी में कार्य करने वाले मजदूरों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष आत्मा सिंह ने कहा कि मजदूरों को कार्य करने में आने वाली समस्याओं को लेकर संघर्ष को तेज किया जायेगा। जिला महासचिव शेरसिंह शाक्य ने कहा कि गेहूं के सीजन में भंयकर गर्मी में विश्राम के लिए मंडियों में कोई व्यवस्था नहीं है ना ही पीने का शुद्ध पानी मिलता मजदूरों को मिलता है, जबकि यह मूलभूत सुविधाएं है, परन्तु मजदूर इनसे वंचित है। मजदूरों के लिए कार्यस्थल पर पानी, शैड ओर शौचालय की व्यवस्था को सुचारू करने के लिए भी प्रशासन के प्रतिनिधियों से मिला जायेगा।

# तंग दायरों की तोड़ दीवार, असीम की ओर हो विस्तार

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** आज जहां एक ओर देश और दुनिया में समाज हर प्रकार से संकीर्णता और तंगदिली के दायरों में बँटा हुआ है। वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन इन दीवारों को गिराकर विस्तार की ओर प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सानिध्य में महाराष्ट्र का 58वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 24 से 26 जनवरी, 2025 को आयोजित हो रहा है, जिसमें 'विस्तार असीम की ओर' विषय के आधार पर आध्यात्मिक मंथन का दिव्य रूप सजेगा।

लगभग 300 एकड़ क्षेत्र में सजने वाले भक्ति के इस महायज्ञ में देश और विदेशों से जहां लाखों श्रद्धालु भक्त और गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। वहीं इस निरंकारी संत समागम का सीधा प्रसारण भी पूरे विश्व में धर्मप्रेमी देख पाएंगे। निरंकारी संत समागम की व्यवस्था मिशन के सेवादारों द्वारा बहुत ही




मर्यादित एवं सुनियोजित रूप से निरंतर की जा रही है। संत निरंकारी मिशन की समागम कमेटी के चेयरमैन श्री शम्भुनाथ तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, कैंटीन, सहायता, पार्किंग, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सेवाओं को सुचारू रूप से निभाने के लिए संत निरंकारी सेवादल के लगभग 15 हजार सदस्य समर्पित भावना से जुटे रहेंगे। संत समागम के तीनों दिन दोपहर 2.00 बजे से रात 8.30 बजे तक मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अनेक विद्वान अपने भाव व्यक्त करेंगे और अनेक समर्पित संगीतज्ञों के माध्यम से भक्ति भाव की छटा बिखरेंगे, जिसमें हर आयु वर्ग के अनेक भाषा-भाषी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक रूहानी कवि दरबार समागम का विशेष आकर्षण बना रहेगा। सत्संग के अंत में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के प्रेरक प्रवचनों से सभी श्रद्धालु लाभान्वित होंगे।


# 22 ग्राम अफीम सहित एक गिरफ्तार

**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** चूनावढ़ एसएचओ मलकीयत सिंह ने 22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम व बिक्री राशि 5000 रुपए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही थानाधिकारी ने गश्त के दौरान चूनावढ़ से सागरवाला रोड रोही चक 34 जीजी से आरोपी सन्दीप कुमार उर्फ दीपू उम्र 29 साल पुत्र पोलाराम निवासी 23 एलएनपी लाधुवाला पुलिस थाना लालगढ जाटान के कब्जा से 22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम व बिक्री राशि 5000 रूपये बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिस पर पुलिस थाना चूनावढ़ मे आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच मटीलीराठान थाना के एसआई सुभाष बिश्नोई को सौंपी गई है।



# एडवोकेट आशीष अग्रवाल द ईगल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष मनोनीत

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** एडवोकेट आशीष अग्रवाल को द ईगल फाउंडेशन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। द ईगल फाउंडेशन संस्था भ्रष्टाचार तथा अन्याय के खिलाफ संघर्षरत है। द ईगल फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत सोनी की अनुशंसा पर एडवोकेट आशीष अग्रवाल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने एडवोकेट अग्रवाल को श्री गंगानगर जिला कार्यकारिणी जल्द गठित करने के निर्देश दिए हैं।एडवोकेट अग्रवाल ने बताया कि द ईगल फाउंडेशन के माध्यम से जिले में अन्याय तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य किए जाएंगे। अन्याय तथा भ्रष्टाचार से पीड़ति लोगों को संगठित कर संघर्ष के लिए प्रेरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट अग्रवाल अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं।

# भाजपा वरिष्ठ नेत्री प्रियंका मेघवाल ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुलाकात की

## श्रीगंगानगर लोकसभा की मूलभूत समस्याओं से करवाया अवगत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लोकसभा प्रत्याशी व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री प्रियंका मेघवाल ने गुरुवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले व अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई मुद्दों के समाधान के लिए प्रस्तावित बजट सत्र में शामिल करने का आग्रह किया, जिसमें हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा मिले। इसके साथ साथ उन्होंने दोनों जिलों के धार्मिक स्थलों के लिए बजट देने व पर्याप्त सुविधाओं की मांग की, ताकि दोनों जिलों में आने वाले सैलानियों को आकर्षित किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर के दूर-दराज गांवों को जोडने के लिए विभिन्न सड़कों के लिए बजट सत्र के दौरान घोषणा करने की मांग की। प्रियंका मेघवाल ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं को भी अनूपगढ़ व हनुमानगढ़ में परिवहन सुविधा के तहत ट्रेन के विस्तार करने की मांग सहित किसानों के कई मुद्दों से भी अवगत करवाया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने आगामी बजट में दोनों जिलों को राहत देने का आश्वासन दिया।



# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर समारोह आयोजित

**हनुमानढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** एमजीएसयू में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, राष्ट्रीय सेवा योजना, व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह आयोजित किया गया एवं भूमि पूजन के साथ सुभाष उद्यान की नींव रखी गई जहां भविष्य में नेताजी की मूर्ति प्रतिस्थापित की जाएगी।

मुख्य कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा व नेताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन पश्चात अधिष्ठाता छात्र कल्याण व कार्यक्रम संयोजक डॉ. मेघना शर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सुभाष पर रचे साहित्य के अध्ययन को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण हेतु महत्वपूर्ण बताया। वित्त नियंत्रक अरविंद बिश्नोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध नेताजी एक ऐसी दीवार बनकर खड़े हो गए थे जिसे भेदना अंग्रेजों के लिए एक समय में सर्वाधिक जटिल कार्य हो गया था। मंच संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. उमेश शर्मा ने मंच से अतिथियों का परिचय दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बसंती हर्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के सांस्कृतिक मूल्यों को सुस्थापित करने के स्वप्न को बोस ने आगे बढ़ाया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में पितृसत्तात्मक व्यवस्था पर अपने व्याख्यानों में सुभाष चंद्र बोस ने हमेशा प्रहार किया।




मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य अन्नाराम शर्मा ने अपने व्याख्यान में बताया कि नेताजी के व्यक्तित्व के अत्यंत विस्तृत स्वरूप को हम उनके द्वारा लिखे पत्रों में देख सकते हैं। उन्होंने स्वराज की परिकल्पना को जिया वह अपने आप को स्वाधीनता की लड़ाई हेतु झोंक डाला। सिविल सर्विस में चयनित होने के बावजूद उन्होंने त्यागपत्र इसलिए दे दिया क्योंकि वह ब्रिटिश सत्ता के अधीन कार्य न करने के अपने सिद्धांतों की रक्षा करना चाहते थे।अपने भ्राता शरद चंद्र बोस को उन्होंने सर्वाधिक पत्र लिखे हैं और हमेशा इस मूलभूत सिद्धांत के साथ जिए कि व्यक्ति के निर्माण से राष्ट्र का निर्माण होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि बोस जीवनभर स्वतंत्र विचारधारा के व्यक्तित्व को सहेजे रहे। उन्होंने गांधी जी को एक पत्र लिखा जिसमें यह कहा कि आजाद भारत कैसा होगा, इसका मूल्यांकन हमें पहले ही करना होगा। अभिव्यक्ति की आजादी का महत्व तब मालूम पड़ता है जब उसे पर ताले लगते हैं। एक ऐसा सैनिक जिसने पूरे राष्ट्र में स्पंदन और स्फूर्ति भर दी, राष्ट्रवादिता का बिगुल बजाते हुए स्वयं को आहूत कर दिया वह व्यक्ति था सुभाष। दीक्षित ने सुभाष के पत्रों का संकलन व विभिन्न पक्षों का अध्ययन करना भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बताया।

अपने उद्बोधन में दीक्षित ने आगे कहा कि कई बार कांग्रेस से निराशा के भाव होने पर भी बोस ने एक भी पत्र में गांधी जी के विरोध में कभी कुछ नहीं लिखा और उन्हें हमेशा राष्ट्रपिता की उपाधि देकर ही संबोधित किया।

# स्कूल टीचर ने बच्चों का किया यौन शोषण

## धमकी देता था कि परिवार को मार डालेगा

**विदिशा।** विदिशा जिले के सिरोंज में स्कूली बच्चों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। आरोप एक निजी स्कूल के टीचर पर है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो परिजन तक पहुंचे। जिसके बाद माता-पिता ने बच्चों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। पीड़ित बच्चों के परिवार के अनुसार, आरोपी शिक्षक सत्यम रघुवंशी (25) स्कूल में पढ़ाने के बाद ट्यूशन भी पढ़ाता था। वहां बच्चों को रोककर उनके साथ अप्राकृतिक कृत्य करता था। वह बच्चों को धमकी देता था कि अगर किसी को बताया तो उनके परिवार को मार डालेगा, स्कूल में उनकी दोस्ती खत्म करा देगा और उन्हें फेल कर देगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कई पीड़ित बच्चों के परिजन थाने पहुंचे। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल थीं। पुलिस फिलहाल 5 बच्चों को यौन शोषण का शिकार मान रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि पीड़ित बच्चों की संख्या 25 से अधिक है।



सत्यम रघुवंशी, आरोपी

**5वीं से 8वीं तक के बच्चों को पढ़ाता था:** बताया जा रहा है कि टीचर स्कूल में 3 साल से पढा रहा है। वह पांचवीं से आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाता था। वह शादीशुदा है। उसके परिवार में पत्नी, सालभर का बच्चा, मां-बाप, दो भाई भी रहते हैं। पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए पैन इंडिया बचाव व पुर्नवास अभियान

## ❑ बचाव कार्य तेज बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में सीडब्ल्यूसी व श्रम विभाग द्वारा सयुंक्त अभियान शुरू, 31 मार्च तक चलेगा अभियान

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान सरकार के बाल अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे पैन इंडिया बचाव व पुर्नवास अभियान 2.0 के तहत बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अभियान के तहत सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ,सदस्य सुमन सैनी,जिला श्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने हनुमानगढ़ जिले के विभिन्न ईट भट्टों और होटलों का निरीक्षण किया। टीम ने इन स्थानों पर कार्यरत बाल श्रमिकों की स्थिति की जांच की और उनके अभिभावकों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि बच्चों को श्रम में लगाना जारी रहा तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत गोयल ने ईट भट्टों पर मजदूर परिवारों व अन्य स्टॉफ के सदस्यों को जिला प्रशासन के मानस अभियान के तहत नशा न करने व आमजन को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई। मजिस्ट्रेट जितेन्द्र गोयल ने बताया कि बाल श्रम से जुड़े मामलों में सरकार की नीति सख्त है और इस अभियान का उद्देश्य बाल श्रमिकों को बचाकर उन्हें शिक्षा के मुख्यधारा में लाना है। निरीक्षण के दौरान कई बच्चों को श्रम करते हुए पाया गया, जिन्हें उनके अभिभावकों से अलग कर शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को अंतिम नोटिस दिया गया है और उन्हें चेतावनी दी गई है कि वे बच्चों को स्कूल भेजें। गोयल ने आगे बताया कि अभियान के तहत उन बच्चों के लिए ईट भट्टों पर सामूहिक पाठशालाएं खोली जाएंगी, जिन्हें श्रमिक के रूप में काम करने की मजबूरी होती है। इन पाठशालाओं में बच्चों को प्राथमिक शिक्षा दी जाएगी ताकि वे साक्षर हो सकें और उनका भविष्य उज्जवल बन सके। इस तरह की पहल से बच्चों को न केवल शिक्षा मिलेगी, बल्कि वे सामाजिक और मानसिक रूप से भी सशक्त होंगे।और मुख्यधारा से जुढ़ेंगे टीम ने जिन ईट भट्टों और होटलों का निरीक्षण किया, वहां बाल श्रमिकों की पहचान की और उनके माता-पिता से बातचीत की। साथ ही उन्हें समझाया गया कि बच्चों को काम करने के बजाय शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। इस अभियान का उद्देश्य बाल श्रम को समाप्त करना और बच्चों को उनका अधिकार, यानी शिक्षा दिलवाना है। बाल अधिकारिता विभाग के इस अभियान को लेकर जिले में विभिन्न संगठन भी सक्रिय हैं, जो बाल श्रमिकों को पहचानने और उनके पुर्नवास के लिए काम कर रहे हैं। इन पाठशालाओं का उद्देश्य बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे अपना जीवन बेहतर बना सकें और समाज में उनका स्थान सुनिश्चित हो सके।



# 5वीं मंजिल से गिरकर कॉन्स्टेबल की पत्नी की मौत

## पिता का आरोप- ग्वालियर में पति ने मारपीट कर बेटी को बालकनी से फेंका

**ग्वालियर ( जनमार्ग न्यूज )।** ग्वालियर में कॉन्स्टेबल की पत्नी की 5वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम करीब 7 बजे की है। महिला को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, आरती राठौर ग्वालियर के सागर ताल स्थित सरकारी मल्टी में रहती थी। आरती का पति दिलीप राठौर थाटीपुर थाने में कॉन्स्टेबल है। घटना के बाद रात में दिलीप ने बताया कि आरती ने मल्टी की छत से छलांग लगा दी है। मायके जाने से इनकार कर दिया था, इस कारण वह नाराज थी। हेड कॉन्स्टेबल भूपेंद्र सिंह ने बताया, शुक्रवार को महिला के पति के बयान लिए, जिसमें उसने बताया कि वह छत से गिर गई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। वहीं, जब आरती के परिजनों ने दिलीप से घटना के बारे में पूछा तो उसने कहा, मैं नीचे था, आरती छत पर सेल्फी ले रही थी। तभी वो नीचे गिर गई। आरती के पिता रामरूप का आरोप है कि मल्टी की बालकनी पर खून के धब्बे हैं। पति दिलीप ने आरती से मारपीट की और बालकनी से फेंककर उसकी हत्या कर दी। दिलीप को दूसरी शादी में 15 लाख रुपए मिल रहे थे, इसलिए वो बेटी को मारने की फिराक में था। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को महिला के बिल्डिंग से कूदने की सूचना मिली तो टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। यहां कॉन्स्टेबल दिलीप राठौर के फ्लैट पर ताला लगा मिला। दोनों के दो बच्चे हैं, वह भी घर पर नहीं मिले। वे सभी अस्पताल पहुंच गए थे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम को लेकर धरना लगाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम को लेकर उपखंड कार्यालय पर धरना लगाकर अनिश्चित कालीन महापड़ाव की चेतावनी देते हुए ज्ञापन दिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा रबी 2023 व खरीफ, 2024 फसल बीमा क्लेम कृषकों को दिलाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , किसान नेता जसराम बुगालिया, सरपंच गिरधारी स्वामी, भोमाराम गोदारा, गुलाब लोहार, जयवर्धन सिंह, संतोष सहारण, जगदीश गोदारा, मगानाथ, कॉमरेड मदन ओझा, बालवीर, सुरेंद्र स्वामी, अधिकारी महावीर भोजक, मांगीलाल गोदारा की अगवानी में उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके धरना लगाकर उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन देकर चेतावनी देते हुए कहा 30 जनवरी तक किसानों के खाते में फसल बीमा क्लेम की राशि जमा नहीं करवाई गई तो 6 फरवरी से उपखंड कार्यालय के आगे अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू किया जाएगा। प्रतिनिधी मंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देखकर अवगत कराया की सूरतगढ़ तहसील के पटवार मंडल राजियासर, रस्तासर, सोमासर, मोकलसर, मालेर, लालगढ़िया, कानौर, किशनपुरा में क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा निर्धारित आपत्तियां रवि 2023 की आपत्ति लगाई गई थी। 9 फसल कटाई पर आपत्ती जताई गई थी जो निराधार है। खरीफ फसल 2024 में कंपनी ने क्रॉप कटिंग के समय पटवारी , कृषि सहायक क्षेमा जनरल इंश्योरेंस के अधिकारियों द्वारा संतुष्ट होकर क्रॉप कटिंग के समय वीडियो ग्राफी की गई थी। कंपनी के अधिकारी क्रॉप कटिंग के समय संतुष्ट थे। इसके बाद राजियासर, रतासर,



प्रभात नगर सोमासर आदि पर आपत्तियां लगाई गई जो निराधार है। कंपनी के अधिकारी संतुष्ट नहीं होकर फसल बीमा क्लेम किसानों को नहीं देना चाहती है। रबी 2023 में खरीफ 2024 का क्लेम इन आपत्तियों का निस्तारण कर शीघ्र किसानों के खाते में जमा करवाया जाए ताकि किसानों को आ रही फसल बीमा क्लेम की कठिनाइयों का सामना करने से राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी देते हुए कहा 30 जनवरी तक क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा फसल बीमा क्लेम का भुगतान किस के खाते में जमा नहीं करती है तो मजबूर होकर किसान 6 फरवरी से उपखंड कार्यालय के आगे अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू करेगा। प्रदर्शन के दौरान रमेश स्वामी, धर्मपाल, कालूराम, भंवरलाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

# पेयजल सप्लाई में हड्डी आने के बाद आमजन में आक्रोश

### चोपदार के नेतृत्व में कलक्टर से मिले लोग

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** गुरूवार को भाजपा नेता डॉ. रमजान अली चोपदार के नेतृत्व में शहर के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोग जिला कलैक्टर से मिले और आरयूआईडीपी के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पत्र सौंपा। वहीं भाजपा नेता डॉ. रमजान अली चोपदार ने आरयूआईडीपी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईएएस पीयूष समरिया को दूरभाष पर बात करते हुए प्रकरण की जांच एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, जिसमें उन्होंने तत्काल प्रभाव से अधिशाषी अभियन्ता दीपक मण्डल को अधीक्षण अभियन्ता का चार्ज देकर श्रीगंगानगर का कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए, और इस पूरे प्रकरण पर विभाग के अधिकारियों एवं एलएण्डटी कम्पनी के अधिकारियों को रिव्यू के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही पूरे प्रकरण को एडीपी डी.के. मीणा को सुपरविजन के लिए निर्देशित कर दिया है। जिला कलैक्टर व आरयूआईडीपी को दिए पत्र में डॉ. रमजान अली चोपदार ने बताया जिला मुख्यालय स्थित पुरानी आबादी, कृष्णा मन्दिर हनुमान चौक के पास सोनू मिढ्ढा के घर में एलएण्डटी ने पेयजल पानी की सप्लाई शुरू की थी, विगत दिवस उनके घर पेयजल सप्लाई के दौरान लगभग 5 एमएम मोटी एवं डेढ़ इन्ची लम्बी हड्डी निकली है, जोकि बेहद शर्मनाक है। जिससे इलाके में आरयूआईडीपी के खिलाफ शहर में काफी रोष है। एलएण्डटी कम्पनी के द्वारा शहर में बिना योजना के और बिना अन्य विभागों के साथ सामन्जसय स्थापित करने के अभाव में लीकेज पाईपलाईन को दुरस्त करने के स्थान पर करीब-करीब 13 जगहों से तोड़ दिया गया है और राजस्व को नुकसान पहुंचाते हुए 82 लाख से बनी सड़क को तोड़ा गया। शहर में अनेक स्थानों पर कम्पनी द्वारा डाली गई 6 ईन्च पेयजल लाईन कई बार अनेक स्थानों से लीकेज हो गई है। विशेषज्ञ बताते है कि पाईपलाईन में बार-बार लीकेज के कारण पाईपलाईन का घटिया होना व डालते समय निर्धारित मापदण्डों की अवहेलना करना व लापरवाही दर्शाता है। यदि एलएण्डटी ने एचडीपी पाईप को सही तरीके से निर्धारित मापदण्डों के डिजाईन के अनुसार बिछाया गया हो और तय स्थानों पर एयर प्रैशर वाल्व लगा दिये जाये तो बार-बार की पाईपलाईन लीकेज से बचा जा सकता है और शहरवासियों को असुविधा ना हो, ऐसे प्रयास किये जा सकते है। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं को देखते हुए आरयूआईडीपी एवं एलएण्डटी के अधिकारियों पर तुरन्त प्रभाव से कार्यवाही की जाये, जिससे कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो सके। इस दौरान प्रदीप चायल, इन्द्र बिश्नोई, रजत स्वामी, योगेन्द्र शर्मा, सलीम अली चोपदार, सुरेन्द्र स्वामी, अभय सरदाना, अकबर खान, अंकुश चालीया, अनिल भाटिया, सोनू मिढ्ढा, मांगीराज, मुकेश चन्देल सहित अनेक जागरूक लोग उपस्थित थे।

# रूकमणी देवी सुखराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने बालिका शिक्षा और स्वच्छता को दिया नया आयाम



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** रूकमणी देवी सुखराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्रामीण शिक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और प्रशंसनीय कदम उठाया है। ट्रस्ट ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहलोलनगर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बालिका शौचालय का निर्माण करवाकर बालिकाओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है। शौचालय का लोकार्पण रूकमणी देवी सुखराम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम सहू, सरपंच गुरलाल सिंह, डायरेक्टर घेरू राम गोदारा, प्रधानाचार्य गुरदीप सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य भागीरथ राम स्वामी, एसडीएमसी सदस्य सुभाष गोयल, कालूराम वर्मा, ओम गोदारा, जसवंत कसवा, पूर्व सरपंच आदराम लोहरा, पूर्व सरपंच नथु राम मलखट, मदन मील, बद्री नैन, हंस राज शर्मा सहित समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया गया। सरपंच गुरलाल सिंह ने ट्रस्ट की पहल की सराहना करते हुए कहा, रूकमणी देवी सुखराम चैरिटेबल ट्रस्ट का योगदान बालिका शिक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने में अतुलनीय है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह शौचालय न केवल बालिकाओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि उनके आत्मसम्मान और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी ट्रस्ट ने दो अन्य राजकीय विद्यालयों में शौचालय निर्माण करवाया है, जिससे बालिकाओं की शिक्षा में बाधाएं कम हुई हैं। प्रिंसिपल गुरदीप सिंह ने कहा कि शौचालय में बालिकाओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें निशुल्क सैनेट्री नैपकिन की व्यवस्था के साथ-साथ सैनेट्री नैपकिन डिस्ट्रॉय मशीन भी लगाई गई है। यह पहल बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। आधुनिक सुविधाओं के कारण यह शौचालय बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने में सहायक सिद्ध होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम सहू ने अपने संबोधन में कहा, स्वच्छता और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी दिशा में बालिका शौचालय निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। हमारा लक्ष्य है कि हर बालिका को शिक्षा के साथ स्वच्छता की सुविधाएं भी मिले, जिससे उनकी पढ़ाई बिना किसी रुकावट के जारी रह सके। उन्होंने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बालिकाओं को इस बीमारी के प्रति सजग रहने और 9 से 14 वर्ष की आयु में वैक्सीनेशन करवाने का सुझाव दिया। यह जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# महिला कर्मचारी ने धोखाधड़ी की शिकायत दी, पद से हटाने और वेतन न देने का आरोप

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सीमा वर्मा ने टाउन थाना में एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने श्रीमति इन्दिरा गांधी प्रशिक्षण संस्थान, हनुमानगढ़ टाउन के संचालकों पर धोखाधड़ी और बेईमानी का आरोप लगाया है। सीमा वर्मा ने बताया कि उन्हें ग्राम पंचायत जण्डावाली में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नियुक्त किया गया था, और उनके नियुक्ति आदेश के अनुसार वह नियमित रूप से इस पद पर कार्य कर रही थीं। सीमा वर्मा ने परिवाद में बताया कि संस्थान के संचालक रामेश्वरलाल और महेन्द्र कुमार ने उन्हें नौकरी पर रखने के दौरान 15000 रुपये का डीडी बनवाकर लिया था। इस दौरान संचालकों ने उन्हें यह आश्वासन दिया था कि उन्हें



कभी इस नौकरी से नहीं हटाया जाएगा। सीमा वर्मा ने उन पर विश्वास कर 15000 रुपये का डीडी संस्थान के नाम से दे दिया। हालांकि, 20 जनवरी 2025 को बिना किसी नोटिस या विधिक प्रक्रिया के सीमा वर्मा को उनके पद से हटा दिया गया और उनकी जगह उनके चहेते व्यक्ति को डाटा एंट्री ऑपरेटर की जिम्मेदारी दे दी गई। इस दौरान उन्हें केवल तीन महीने का वेतन मिला, जबकि 20 जनवरी 2025 तक का शेष वेतन भी नहीं दिया गया। सीमा वर्मा का आरोप है कि रामेश्वरलाल और महेन्द्र कुमार ने धोखाधड़ी कर उनका बकाया वेतन और 15000 रुपये का डीडी हड़प लिया है। सीमा वर्मा ने टाउन थाना में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए मामला दर्ज कर उनकी 15000 रुपये की राशि और बकाया वेतन दिलवाने की अपील की है।

### रायपुर में 3 नाइजीरियन स्टूडेंट्स ने करोड़ों ठगे

**पैसे देश के बाहर भेजे, किसी दूसरे के अकाउंट से लेनदेन करते थे; 62 अन्य भी गिरफ्तार**

जनमार्ग न्यूज

**रायपुर।** साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए रायपुर रेंज में साइबर शील्ड ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके तहत एक बड़ी कामयाबी पुलिस को मिली है। 3 नाइजीरियन स्टूडेंट करोड़ों की ठगी के आरोपी निकले। ये तीनों रायपुर की ही निजी यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। इन तीनों विदेशी छात्रों ने ठगी के पैसे भी देश से बाहर भेजे। पुलिस ने साइबर फ्रॉड के अलग-अलग मामलों में 8 महिलाओं समेत 62 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। ढ्ढत्र अमरेश मिश्रा ऑपरेशन शील्ड चला रहे हैं।

# ईंट-भट्ठों को जिग-जैग तकनीक में तब्दील करने की अवधि 16 महीने बढी,केंद्र सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** मिट्टी से परंपरागत रूप से लाल ईंट का उत्पादन करने वाले ईंट भट्ठों के मालिकों और संचालकों को केंद्र सरकार ने आज बड़ी राहत प्रदान की। केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने परंपरागत ईंट भट्ठों को जिग-जैग तकनीक में तब्दील करने की समय अवधि 16 महीने 7दिन बढ़ा दी है। केंद्र सरकार की ओर से आज इसका गजट नोटिफिकेशन कर दिया गया। पूर्व में जिग-जैग तकनीक में ईंट भट्ठों को तब्दील करने की अंतिम तारीख 22 फरवरी 2025 निर्धारित थी। आज जारी नोटिफिकेशन से अब 30 जून 2026 तक ईंट-भट्ठों को जिग-जैग तकनीक में तब्दील कर सकेंगे। राजस्थान ईंट निर्माता संघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्रसिंह यादव ने ईंट भट्ठों के लिए जिग-जैग तकनीक अपनाने की समय सीमा को बढ़ाने का आश्वासन विगत 25 नवम्बर को लघु उद्योग भारती संगठन के मिलने आए प्रतिनिधि मंडल से बातचीत में दिया था।लघु उद्योग भारती संगठन के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाशचन्द्र भाई साहब,अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा,अखिल भारतीय सचिव नरेश पारीक ,प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड,प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ,प्रांत अध्यक्ष महावीर चोपड़ा, प्रांत सहसचिव श्रीमती बिंदु जैन के हम आभारी रहेंगे।श्रम आधारित उद्योग ईन्ट भटठों को केन्द्र सरकार के आदेशानुसार जिग जैग तकनीक में परिवर्तन करना 22 फरवरी 2025 तक अनिवार्य किया गया था,जिसकी समय सीमा 30 जून 2026 कर दी गई है। श्री गणेशगढिया के अनुसार पर्यावरण की दृष्टि से जिग-जैग तकनीक का कोई दुष्प्रभाव नहीं है परन्तु कुशल श्रमिकों के अभाव व उपयुक्त प्रशिक्षण नहीं होने से 22 फरवरी 25 तक की तय सीमा में सभी ईंट भट्ठों को तब्दील नहीं किया जा सकता। इसलिए समय सीमा बढाने की मांग रखी गई थी । केंद्रीय मंत्री ने इसे स्वीकार करते हुए समय सीमा बढाने का आश्वासन दिया था। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य पर्यावरण नियंत्रण मंडल ( आरएसपीसीबी ) अभी कल बुधवार को ही जयपुर में एक वर्कशॉप का आयोजन कर प्रदेश के ईंट भट्ठा मालिकों और संचालकों से जिग-जैग तकनीक की समय अवधि बढ़ाने के बारे में चर्चा और विचार विमर्श कर राय जानी थी। समय अवधि बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों हेतु संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयपालसिंह, पूर्व मंत्री सुरेंद्रपालसिंह टीटी के साथ ही भाजपा के जिलाध्यक्ष शरणपालसिंह मान, जिला परिषद के पूर्व तथा पंचायत समिति के मौजूदा डायरेक्टर डॉ. बृजमोहन सहारण का भी धन्यवाद किया है। उल्लेखनीय है कि रतन गणेशगढिया,उमाशंकर मित्तल , प्रभुदयाल मिड्ढा,महावीर मिड्ढा और रामकुमार भांभू सूरतगढ़ इस कार्य के लिए निरंतर प्रयासरत थे।उन्हीं के अथक व सतत प्रयास से यह राहत भट्ठा उद्योग को मिली है। कृष्णलाल गोदारा रावला, बीकानेर के नारायण गहलोत,जगदीश जाखड़ घड़साना ,गगन शर्मा घड़साना, गोकर्ण गर्ग,सुरेन्द्र तिवारी हनुमानगढ ,अंकुर नागपाल, संदीप मिड्ढा अनूपगढ़,बनवारी झोरड़ श्रीविजयनगर,दिनेश बिश्नोई जैतसर का भी सहयोग मिला।

# हजरत पीर गरीब शाह बाबा रहमतुल्लाह अलय का चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ।** हजरत पीर गरीब शाह बाबा रहमतुल्लाह अलय का चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन चद्दर जुलूस के बाद देश की एकता अखंडता और खुशहाली की दुआ मांग कर किया गया। इंतजामिया कमेटी, मुस्लिम वक्फ कमेटी, अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष वली मोहम्मद व असगर अली चुनगर, इरफान खान उर्फ छोटे खां, लक्की इमरान ने चुनगर मोहल्ला की तरफ ढोल नगाड़ों के साथ चद्दर जुलूस निकालकर दरगाह हजरत पीर गरीब शाह बाबा रहमतुल्लाह अलय वार्ड नंबर 41 पठानों का मोहल्ला में चद्दर चढ़ाने की रसम अदा करवाई।



शहर काजी मौलाना गुलाम कादिर कादरी, जिला इमाम कारी मौलाना आफताब आलम अशरफी, हाफिज सलीम, हाफिज गुलाम यासीन, मौलाना कमरुद्दीन सहित मदनी उल्लेमाओं ने रात्रि 9ः00 बजे महफिल ए मिलाद तकरीर में हजरत पीर गरीब शाह बाबा रहमतुल्ला अलय के बारे में जानकारी देते हुए मुस्लिम धर्म का पालन करने के लिए सभी को जानकारियां देते हुए, कुलों के छिंटों की रस्म अदायगी के बाद देश की एकता, अखंडता, तरक्की, सुख समृद्धि, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांग कर चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन किया।। इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली पठान, वक्फ कमेटी के अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद पठान, अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष वली मोहम्मद, गरीब शाह इंतजामिया कमेटी के जावेद पठान, परवेज पठान, आसिफ पठान, आमान पठान, मोहम्मद अकबर पठान, सलीम पठान, शाजीद पठान, अहमद अली, मकसूद अली, छोटे खान, ताज मोहम्मद, फतेह शेर खान, बाबू खान मिर्जा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए शीरानी प्रसाद वितरण करके चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन किया।

### ईको कार का टायर फटा: पेड़ से टकराई गाड़ी, एक की मौत और 7 गंभीर घायल

जनमार्ग न्यूज

**डेरापुर।** कानपुर के डेरापुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कानपुर-इटावा हाईवे पर थनवापुर के पास हुआ, जब एक ईको कार का पिछला टायर अचानक फट गया। घटना उस समय हुई जब बरौर थाना क्षेत्र के केसी गांव के टाइल्स मजदूर वैश, सैफ, मुआज, राजा, अल्फान, हुसैन और आशिफ काम से लौट रहे थे। कार के चालक सहनूर के साथ कुल आठ लोग सवार थे। टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने चालक वैश पुत्र गौश को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य सात लोगों का इलाज जारी है।

# किसानों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में किसान संगठनों की जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** हाल ही में किसानों पर हुए लाठीचार्ज के मामले ने प्रदेश में हलचल पैदा कर दी है। किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य किसान समुदाय की शिकायतों को सुनना और उचित कार्रवाई की मांग करना था। किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि पुलिस द्वारा निर्दोष किसानों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक से सीधे संवाद स्थापित किया। किसानों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने का हक है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई ने उनकी आवाजको



दबाने की कोशिश की है। जिला पुलिस अधीक्षक ने किसानों की चिंताओं को ध्यान से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि निर्दोष किसानों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पुलिस ने किसी को राउंडअप किया है, तो पूछताछ के दौरान अगर वे निर्दोष पाये जाते हैं, तो उन पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी। यह आश्वासन किसानों के लिए थोड़ी राहत लेकर आया। इस स्थिति को देखते हुए किसान संगठन अब और भी संगठित होकर अपने हक के लिए ल?ाई जारी रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह निर्णय लिया है कि वे आगे भी अपनी आवा? उठाते रहेंगे और पुलिस से उचित व्यवहार की अपेक्षा करेंगे। इस मौके पर रेशम सिंह माणुका, संदीप सिंह, जगमीत सिंह, मनीष मक्कासर, सुभाष मक्कासर, रमनदीप कौर,रायसाहब मल्ल?खे?ा राजदीप सिंह, गुरजन्ट सिंह,जसवन्त सिंह,जाकिर हुसैन, सद्दाम हुसैन,परगट सिंह, राजदीप सिंह,गुरजन्ट आदि मौजूद थे।

# टांटिया यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

● मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही जिला कलक्टर डॉ. मंजू

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। राष्ट्रीय बालिका दिवस शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में टांटिया यूनिवर्सिटी में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने छात्राओं से कहा कि जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती हैं, उसमें जी जान लगा दें। हो सकता है पहली बार में सफल नहीं हो पाएं, लेकिन हिम्मत हारने की आवश्यकता नहीं है। दुगुने जोश से तैयारी करें, अवश्य सफल होंगी। उन्होंने कहा कि बेटियों को किसी भी दृष्टि से कमजोर नहीं आंकना चाहिए। ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' अभियान ने बहुत सकारात्मक परिणाम दिए हैं। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री विजय कुमार ने बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर मिशन ऑफ होप एंड इंटेग्रिटी टूगेदर सोसायटी की ओर से जारी बालिका संरक्षण के पोस्टर ''स्पोर्ट, गर्ल्स ड्रीम'' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोहित टांटिया, डॉ. दीपिका मोंगा, अनामिका खुराना ने भी विचार रखे। पुलिस विभाग की निर्मला एवं भगवती ने आत्मरक्षा के गुर बताए। रंगकर्मी श्री विक्रम ज्याणी, लक्ष्या एवं श्री सही राम ने कोरियोग्राफी के माध्यम से बालिकाओं को पढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। श्री राजकुमार जैन ने स्वागत किया। डॉ. रेखा सोनी ने आभार जताया जबकि मंच संचालन डॉ. कृष्णकुमार आशु ने किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सुमित्रा बिश्नोई, सहायक कलेक्टर स्वाति गुप्ता, वरिष्ठ लेखाधिकारी योजना श्योराण सहित अन्य मौजूद रहे।




# नंदनी व चीराग ने चेस में जीते स्वर्ण पदक

● विजेता बच्चों को स्कूल स्टाफ़ ने दी बधाई

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। आर्य समाज व महर्षि दयानन्द खेलकूद स्पोर्ट्स समिति द्वारा ओपन चेस प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस किया गया। इस ओपन शतरंज प्रतियोगिता में ज़िलेभर के विभिन्न बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नोज़्गे पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पदक जीता। विजेता बच्चों को स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी। कोच नंदकिशोर ने बताया कि कक्षा चार (जी) की नंदनी सिंह व कक्षा आठ (पी) के चिराग नैन ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व प्रोत्साहन राशि जीती। इन बच्चों ने फ़ाइनल राउंड में अपने प्रतिभागियों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में सीनियर व जूनियर ग्रुप की अंडर 9 व अंडर 11 की प्रतियोगिता हुई। आर्यसमाज द्वारा आयोजित महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वामी दयानन्द मार्ग स्थित आर्य समाज भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, डायरेक्टर जनरल सूरेन सूदन, प्रिंसिपल निम्फिया एस रेड्डी व स्टाफ़ ने बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# पक्का सहारण में जिओ टावर का जनरेटर चोरी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ मार्ग पर हनुमानगढ़ सदर थाना अंतर्गत पक्का सहारण में जिओ रिलायंस टावर का जनरेटर ही चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक जिओ रिलायंस के एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर शक्तिसिंह राजपूत निवासी काली पहाड़ी थाना बगड़ जिला झुंझुनू द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शक्तिसिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि गांव पक्का सहारण में जिओ रिलायंस की साइट पर लगे टावर का 13- 14 जनवरी की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने 20 किलो वाट क्षमता का जनरेटर चोरी कर लिया। पुलिस ने बताया कि कल गुरुवार को इस आशय का मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई जसकरणसिंह के सुपुर्द कर दी गई। उल्लेखनीय है कि हनुमानगढ़ जिले में पिछले दो महीनों में एक दर्जन से भी अधिक मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी हो चुके हैं।

# पोस्त सप्लाई करने का आरोपी दो वर्ष बाद आया काबू

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। अवैध रूप से पोस्त सप्लाई करने के दो मामलों में दो वर्षों से वांछित आरोपी अब पुलिस की पकड़ में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय सदर थाना पुलिस ने मार्च 2023 में कुछ ही दिनों के अंतराल पर पंजाब के दो व्यक्तियों सुखविंदर सिंह तथा सुनील सिंह को 12 और 13 किलो अवैध डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने पर इन व्यक्तियों ने बताया कि वह बीकानेर जिले में जैसलमेर जिले की सीमा से लगते गांव नोखड़ा निवासी रुपाराम मेघवाल से पोस्त लेकर पंजाब जा रहे थे। उक्त व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए। इन मामलों की आगे जांच कर रही जवाहरनगर थाना पुलिस ने आज बताया कि पोस्त सप्लाई करने वाले रुपाराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश किया जा रहा है। उधर,समेजा कोठी थाना के प्रभारी सीआई कृष्ण कुमार ने कल देर शाम को बीकरसिंह रामगढ़िया (47) निवासी सलेमपुर को मोटरसाइकिल पर 1 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त ले जाते हुए गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार बीकरसिंह के साथ खेमचंद नाम का एक व्यक्ति भी था जो कि मौके पर से भाग जाने में कामयाब हो गया। इस बीच रायसिंहनगर थाना प्रभारी सीआई सत्यनारायण गोदारा ने कल शाम को चक 7-टीके में गणपति कार वाशिंग पॉइंट के समीप सुखमहेंद्रसिंह मजहबी सिख (45) निवासी चक 3- टीके थाना मुकलावा को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 3.48 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। यह दोनों मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं।

# मृतक का संस्कार होने के बाद सड़क हादसे का मामला दर्ज

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। हनुमानगढ़ जिले में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने और परिवार वालों द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिए जाने के बाद अज्ञात वाहन के चालक पर लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। हनुमानगढ़ सदर थाना पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 7 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हनुमानगढ़ जंक्शन निवासी प्रवीण गोदारा (45) ने रिपोर्ट दी है कि उसके चाचा रजिराम 18 जनवरी को मोटरसाइकिल पर खेत जा रहे थे। रास्ते में गांव मसरूवाला के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अज्ञात व्यक्तियों ने पूर्व सरपंच के पुत्र सहित दो जनों को पीटा

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। समेजा कोठी थाना क्षेत्र में एक पूर्व सरपंच के पुत्र सहित दो व्यक्तियों से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।पुलिस के अनुसार चक 8-एलपीएम के पूर्व सरपंच जगसीरसिंह जटसिख जग्गा के पुत्र हरिंदरसिंह (28) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।घटना परसों बुधवार शाम लगभग 8.15 बजे की है।पुलिस ने बताया कि हरेंद्रसिंह और गुरुसाहबसिंह परसों रात गांव में धर्मकांटा के नजदीक खड़े थे। तभी वहां आए तीन व्यक्तियों ने इनको लाठी-डंडों से घायल कर दिया। मारपीट करने वाले तुरंत ही वहां से फरार हो गए। घटना की जांच कर रहे हवलदार मनीराम ने बताया कि मारपीट करने वालों का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं। पूर्व सरपंच जगसीरसिंह की गांव में सरपंची के चुनाव को लेकर कुछ लोगों से रंजिश भी चली आ रही है। उक्त घटना को इस पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है।

JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

# अग्निवीर की सेना भर्ती रैली 1 से 7 फरवरी तक बीकानेर में

❑ स्वामी केशवानांद राजस्थान कृषि विश्व विद्यालय स्टेडियम में होगा आयोजन

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)**। सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू द्वारा सेना भर्ती रैली (अग्निवीर) 1 फरवरी से लेकर 7 फरवरी 2025 तक बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्व विद्यालय स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू के अनुसार अग्निवीर जनरल डयूटी, अग्निवीर टेक्नीकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं व 10वीं) के लिये सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। बीकानेर में आयोजित होने वाली भर्ती रैली में 1 फरवरी को अग्निवीर आफिस असिस्टेंट/एस.के.टी एवं ट्रेड्समैन श्रेणी के लिये बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू, गंगानगर जिले की सभी तहसीलों के उम्मीदवार शामिल होंगे। 2 फरवरी को अग्निवीर टेक्नीकल श्रेणी के लिये बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू, गंगानगर जिले की सभी तहसीलों के उम्मीदवार शामिल होंगे। इसी तरह 3 फरवरी को अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिये गंगानगर जिले की पदमपुर, सादुलशहर, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, करणपुर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, रावला, विजयनगर तहसील, बीकानेर जिले की छतरगढ और खाजूवाला तहसील, हनुमानगढ़ जिले की भादरा, हनुमानगढ़, नोहर, पीलीबंगा, रावतसर, संगरिया, टिब्बी तहसील, झुंझुनू जिले की गुढा गोरजी तहसील के उम्मीदवार शामिल होंगे। 4 से 7 फरवरी तक अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिये अन्य तहसीलों के उम्मीदवार सेना भर्ती रैली में शामिल होंगे। सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू द्वारा भाग लेने वाले उम्मीदवारों के लिये आश्रय, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्थाएं की है। भर्ती रैली संचालन के लिये बीकानेर जिले के शिक्षा, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, विद्युत, चिकित्सा और परिवहन सहित अन्य विभागों द्वारा व्यवस्थाएं की जायेगी। भर्ती रैली में भाग लेने के लिये शॉर्टलिस्ट किये गये लगभग 7 हजार उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र 31 दिसम्बर 2024 को ऑनलाईन माध्यम से जारी कर दिये गये हैं।

# अवैध डोडा पोस्त सहित एक गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

**समेजा कोठी**। पुलिस ने नशे पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए दौराने गश्त कांस्टेबल कालूराम की आसूचना पर थाना अधिकारी कृष्ण कुमार ने मय टीम मुल्जिम बीकर सिंह पुत्र गुर्जर सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी सलेमपुरा को मोटर साइकिल सहित 1 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। मामले की अग्रिम जांच की जा रही हैं। जांच जैतसर थाना अधिकारी इमरान खान को सौंपी गई है। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम में समेजा कोठी थाना अधिकारी कृष्ण कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार, भीमसेन, वीरेंद्र कुमार, कालूराम शामिल रहे।



# मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है: कलक्टर

● राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) के उपलक्ष्य में सुनहरे भविष्य और बालिका सशक्तिकरण के लिये पीएमराजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (मटका चौक) में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. मंजू मुख्य अतिथि रहीं। शुरूआत बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन से हुई। इस दौरान अतिथियों द्वारा गंगानगर जिले की प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर ने बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपनी स्कूली शिक्षा से लेकर अब तक की जीवनी बताते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत के साथ आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। बेटियों को आगे बढने के अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने का सन्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल या कॉलेज में अध्ययन के लिये मोबाइल का कम से कम उपयोग कर अधिक से अधिक पुस्तकों का उपयोग करें। अभ्यास पर विशेष ध्यान दें। परीक्षा की तैयारी करते समय पाठ्यक्रम पर फोकस करते हुए गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करें। किसी भी चीज को लेकर तनाव ना लें। उन्होंने बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिये जागरूक रहने के लिये कहा। जिला कलक्टर सहित अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली बालिकाओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार ने छात्राओं को बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सर्वांगीण विकास के लिये बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के 10 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि जो छात्राएं 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं, वे अपने मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाएं।



# शादी के नाम पर डेढ़ लाख और गहनों की ठगी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। जिले के नई मंडी घडसाना थाना क्षेत्र में शादी के नाम पर डेढ़ लाख रुपए और सोने-चांदी के जेवरों की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक वीरूराम नायक निवासी चक 8-एमजीएम ने इस्तगासा के जरिए मिट्ठूराम उर्फ राजू तथा उसकी पत्नी मांगोदेवी पर सितंबर 2024 में उसकी शादी करवाने की एवेज में डेढ़ लाख रुपये तथा सोने चांदी के जेवरात ले लेने की ठगी का आरोप लगाया है।जांच कर रहे हवलदार भागसिंह ने बताया कि वीरूराम से रुपए तथा उसकी होने वाली पत्नी के लिए गहने तो आरोपी दंपति ने ले लिए लेकिन उसकी शादी नहीं करवाई। यहां तक की उसकी कोई लड़की भी नहीं दिखाई।उसके गहने तथा रुपए भी वापस करने से इनकार कर दिया।

# सिंगापुर से कनाडा का वीजा दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर से सिंगापुर गई एक महिला को वहां से कनाडा का वीजा दिलवाने और कनाडा में काम दिलाने का झांसा देकर लगभग सवा तीन लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ है। महिला के पति द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर स्थानीय कोतवाली में सीता शर्मा निवासी सिक्किम और सत्यम खड़का निवासी पश्चिम बंगाल के विरुद्ध धोखाधड़ी व जलसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के मुताबिक स्थानीय राणा प्रताप कॉलोनी निवासी पवन खनाल ने दायर किया इस्तगासा में बताया है कि उसकी पत्नी गोमा 2021 में सिंगापुर गई थी, जहां उसकी मुलाकात सीता शर्मा पत्नी घनश्याम शर्मा से हुई जो कि सिक्किम की निवासी है। गोमा और सीता शर्मा में घनिष्ठ मित्रता हो गई। इसी दौरान सीता ने गोमा को बताया कि वह वर्क वीजा लगवा कर कनाडा जा रही है। उसने कनाडा के लिए फाइल भी अप्लाई कर दी है। कनाडा भेजने वाले एजेंट सत्यम खड़का निवासी पश्चिम बंगाल के बारे में सीता ने उसकी पत्नी को बताया और उससे फोन पर बात भी कार्रवाई। सत्यम खड़कने उसकी पत्नी को भी आश्वस्त किया कि साढे तीन लाख रुपए का खर्चा आएगा और वह उसका भी कनाडा का वीजा लगवा देगा। वहां काम दिलवाने की जिम्मेवारी भी उसी की होगी। कनाडा में काम मिलने पर उसे 5 लाख रुपए देने होंगे।पवन खनाल के मुताबिक सीता शर्मा ने उसकी पत्नी को बताया कि उसने सत्यम खड़का को साढ़े तीन लाख रुपए देकर फाइल तैयार करवाई है।वह कुछ दिन में कनाडा चली जाएगी। इस पर उसकी पत्नी ने सीता शर्मा और सत्यम खड़का से हुई बातचीत के बारे में उसे बताया। उसकी भी सत्यम खड़का से फोन पर बात हुई। सत्यम खड़का ने कहा कि वह उसकी पत्नी को कागजात तैयार करवारकर कनाडा भिजवा देगा। पवन खनाल के अनुसार उसकी पत्नी जनवरी 2023 में वापस श्रीगंगानगर आ गई। उसकी और उसकी पत्नी की सत्यम खड़का से अनेक बार फोन पर बातचीत हुई। इसके बाद उसने और उसकी पत्नी ने यहां अपने अलग-अलग बैंक अकाउंट से अलग-अलग तारीखों में सत्यम खड़का को 3 लाख 33 हजार ट्रांसफर कर दिए। जून और जुलाई 2023 में सत्यम खड़का ने उसकी पत्नी को मेडिकल के लिए दिल्ली बुलवाया। सत्यम और सीता भी दिल्ली आए। वहां मेडिकल होने के बाद उन्होंने कहा कि चार-पांच महीने में कनाडा का वर्क वीजा आ जाएगा। दिसंबर 2023 से वे व्हाट्सएप कॉल तथा फोन कॉल पर सत्यम और सीता शर्मा से बात करते रहे वह कुछ ही दिनों में वर्क वीजा आ जाने का आश्वासन देते रहे लेकिन वर्क वीजा नहीं दिलवाया।




# सूखा दिवस 26 व 30 को

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)**। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 26 जनवरी व 30 जनवरी 2025 को जिले में सुखा दिवस घोषित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी एवं शहीद दिवस 30 जनवरी 2025 को जिले में सूखा दिवस रहेगा। सूखा दिवस की पालना के लिये विभिन्न 7 वृत्तों में विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# श्रीरामकथा के उपलक्ष्य में निकाली भव्य मंगल कलश यात्रा



जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्री राम कथा का भव्य आयोजन 25 से 31 जनवरी तक अमर पैलेस में होने जा रहा है, जिसका समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। कथा के उपलक्ष्य में आज विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा से पहले सन्त मोदी, राजकुमार जोग, सुदर्शन बत्रा, चेष्ठा सरदाना ने पूजन किया। कलश यात्रा का शुभारम्भ पूर्व सभापति करूणा चांडक, प्रमुख समाजसेवी विजय गोयल, शेर सिंह शर्मा,डॉ दर्शन आहूजा, डॉ कुसुम जैन, किशन खारीवाल साध्वी गार्गी भारती, साध्वी पुण्यप्रदा भारती और साध्वी रवनीत भारती ने पूजन और भगवा ध्वज लहराकर किया। इस अवसर पर स्वामी प्रेमप्रकाशानंद,स्वामी सुखदेवानंद और स्वामी धीरानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। यात्रा में सैकड़ों सौभाग्यवती माताओं बहनों ने मंगल कलश को धारण कर हिस्सा लिया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692